आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 161 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, रविवार, 15 जून, 2025




# साउथ अफ्रीका पहली बार वर्ल्ड चैंपियन

## WTC फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया, 27 साल बाद ICC टूर्नामेंट जीता

**एजेंसी ● लंदन**

दक्षिण अफ्रीका ने एडेन मार्करम की शतकीय पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया को हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब अपने नाम कर लिया है। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 282 रनों का लक्ष्य दिया था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 285 रन बनाकर जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका का टेस्ट में यह तीसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज है। दक्षिण अफ्रीका की टीम इसके साथ ही पहली बार डब्ल्यूटीसी की विजेता बनी है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम खिताब का बचाव नहीं कर सकी है। ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में बढ़त हासिल करने के बावजूद चैंपियन बनने से चूक गई।

### दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल का सूखा समाप्त किया

दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल के अंतराल के बाद कोई आईसीसी खिताब अपने नाम किया है। टीम ने आखिरी बार 1998 में नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस) का खिताब अपने नाम किया था। तेम्बा बावुमा की अगुआई वाली टीम ने इस खिताबी सूखे को समाप्त किया और लॉर्ड्स मैदान पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका की इस जीत में कप्तान बावुमा और एडेन मार्करम का योगदान काफी अहम रहा। इन दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 147 रनों की साझेदारी की और टीम की जीत की नींव रखी।

### लॉर्ड्स में 5वीं बार चेज 200+ रनों का लक्ष्य

दक्षिण अफ्रीका का टेस्ट में सबसे सफल रन चेज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आया था। 2008 में पर्थ में खेले गए उस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने 414 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। वहीं इस टीम के खिलाफ वह 2002 में डरबन में 335 रनों का लक्ष्य भी प्राप्त कर चुकी है। अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही अपने टेस्ट करियर का तीसरा सफल रन चेज किया। यह पांचवीं बार है जब इस मैदान पर टेस्ट में 200+ रनों का लक्ष्य प्राप्त किया गया है।

### बढ़त लेने के बावजूद हारी ऑस्ट्रेलियाई टीम

ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी तीसरे दिन 207 रन पर सिमट गई थी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 212 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 138 रन पर सिमट गई थी। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त मिली थी। इस तरह ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 281 रन हुई थी। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत झटके के साथ हुई। रेयान रिकेल्टन सिर्फ छह रन बना पाए। उन्हें मिचेल स्टार्क ने अपना शिकार बनाया। वहीं, वियान मुल्डर सिर्फ 27 रन बना पाए। उन्हें भी स्टार्क ने पवेलियन भेजा था। 70 के स्कोर पर दो विकेट खो चुकी प्रोटियाज टीम को एक बड़ी साझेदारी की जरुरत थी। एडेन मार्करम ने टेम्बा बावुमा के साथ शतकीय साझेदारी निभाई और जीत की नींव रखी।

### दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी

दक्षिण अफ्रीका ने चौथे दिन की शुरुआत दो विकेट पर 213 रन से की थी, लेकिन टीम ने शनिवार को बावुमा का विकेट जल्द गंवाया जो 134 गेंदों पर 66 रन बनाकर आउट हुए। बावुमा को पैट कमिंस ने अपना शिकार बनाया। फिर ट्रिस्टन स्टब्स भी स्टार्क की गेंद पर बोल्ड हुए और आठ रन बनाकर पवेलियन लौटे। मार्करम हालांकि डटे रहे और टीम को जीत की दहलीज पर ले आए। लेकिन वह मैच फिनिश नहीं कर सके और जोश हेजलवुड की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। मार्करम 207 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 136 रन बनाकर आउट हुए। डेविड बेडिंघम और काइल वेरेने ने आखिरकार मैच समाप्त किया और दक्षिण अफ्रीका का खिताबी सूखा समाप्त किया। मार्करम को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

### डब्ल्यूटीसी चैंपियन बनने वाली तीसरी टीम

बेडिंघम 21 रन और वेरेने चार रन बनाकर नाबाद लौटे ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में स्टार्क ने तीन विकेट झटके, जबकि हेजलवुड और कमिंस को एक-एक विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीका की टीम डब्ल्यूटीसी की विजेता बनने वाली तीसरी टीम है। इससे पहले न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने यह खिताब अपने नाम किया है। दक्षिण अफ्रीका ने इस तरह आईसीसी खिताब जीतने का 27 साल सूखा समाप्त कर लिया है।

**अहमदाबाद विमान हादसा**

# 170 ताबूत तैयार करने का ऑर्डर

## 275 पहुंची मृतकों की संख्या; 248 DNA सैंपल्स लिए गए, 11 शवों की पहचान



**एजेंसी ● अहमदाबाद**

अहमदाबाद विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंचा गया है। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत का ऑर्डर दिया गया। बड़ोदरा के शख्स ने बताया कि एअर इंडिया के मैनेजर ने फोन कर ताबूतों का ऑर्डर दिया।

इधर, अहमदाबाद सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सुपरिंटेंडेंट रजनीश पटेल ने शनिवार को कहा- अब तक 248 शवों के DNA सैंपल्स का क्रॉस वेरिफिकेशन हुआ है, जिसमें से 11 का DNA मैच हुआ है।

पटेल ने कहा कि आज एक महिला का शव उनके परिवार को सौंपा गया। शुक्रवार का 8 शव उनके परिजनों को हैंडओवर किया गया था। कुल 9 शव सौंपे जा चुके हैं। 8 घायलों का इलाज चल रहा है, एक की हालत गंभीर है।

वहीं, सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया- केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की गई है। जो 3 महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

इससे पहले बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से जब मलबा हटाया जा रहा था, तब विमान की टेल (पिछले हिस्से) में फंसा हुआ शव दिखा था। इसका पोस्टमॉर्टम हुआ है। कहा जा रहा है कि यह शव एयर होस्टेस का हो सकता है।

# वायरल वीडियो बनाने वाले किशोर का पुलिस ने दर्ज किया बयान, जांच में बनाया गवाह

**एजेंसी ● अहमदाबाद**

अहमदाबाद में हुई भयावह एअर इंडिया विमान दुर्घटना का वीडियो एक 17 साल के लड़के ने अपने मोबाइल फोन से रिकॉर्ड किया था। जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अहमदाबाद पुलिस ने अब इस किशोर का गवाह के रूप में बयान दर्ज किया है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने एक प्रेस विज्ञप्ति में पुष्टि की कि किशोर का बयान गवाह के रूप में लिया गया है। आर्यन असारी नाम का यह किशोर अपने घर की छत पर खड़ा होकर वीडियो बना था।

आर्यन नियमित तौर पर, उड़ान भरने वाले विमान का वीडियो बनाता है, लेकिन दुर्भाग्य से इस वीडियो में इतिहास की सबसे बुरी विमान दुर्घटनाओं में से एक दुर्घटना कैद हो गई।

पुलिस ने इस अटकल को भी खारिज कर दिया कि वीडियो के सिलसिले में उसे हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने कहा, इस वीडियो को बनाने के लिए किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। मोबाइल वीडियो की स्क्रीन रिकॉर्डिंग वायरल हुई है।

वीडियो बनाने वाले नाबालिग ने पुलिस को वीडियो का विवरण दिया है। वह अपने पिता के साथ गवाह के तौर पर बयान दर्ज कराने आया था। फिर लड़के को उसके पिता के साथ भेज दिया गया।

# NIA का एमपी और राजस्थान में सर्च अभियान जारी

**संवाददाता ● भोपाल**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने शनिवार को मध्य प्रदेश के भोपाल और राजस्थान के झालावाड़ में कई ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई आतंकी संगठन हिज़्ब-उत-तहरीर (HuT) से जुड़े एक आतंकी साजिश के मामले में की गई है।

NIA की टीमों ने भोपाल में तीन और झालावाड़ में दो स्थानों पर व्यापक तलाशी ली। यह अभियान NIA द्वारा HuT और उसके सदस्यों की गतिविधियों की चल रही जांच मामला RC-15/2023/NIA/DLI, जिसे 'HuT भोपाल केस' के नाम से जाना जाता है के तहत किया गया। तलाशी के दौरान, NIA की टीमों ने कई डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। जिसमे मोबाइल और लैपटॉप शामिल हैं। NIA के मुताबिक हिरासत में लिए संदेही देश भर में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।




मामला HuT की उस साजिश से संबंधित है, जिसमें कमज़ोर मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें भर्ती करने की कोशिश की जा रही थी। इन युवाओं को भारत की लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को उखाड़ फेंकने और शरिया कानून द्वारा शासित एक इस्लामी राज्य स्थापित करने के लिए हिंसा फैलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार राजस्थान में झालावाड़ जिले के मनोहर थाना कस्बे में शनिवार 14 जून को एनआईए की टीम काजी चौक जामा मस्जिद के पास दबिश दी है। यहां जांच एजेंसी के पहुंचने के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। ताजा अपडेट के अनुसार यहां कपड़ा व्यापारी की दुकान और घर दोनों पर छापामार कार्रवाई की गई है।

# वायुसेना प्रमुख बोले- ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का ताजा प्रमाण

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने शनिवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का एक ताजा प्रमाण है। इस ऑपरेशन ने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की भारतीय वायुसेना की क्षमता को प्रदर्शित किया है।



हैदराबाद स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड के दौरान एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने सशस्त्र बलों के बीच असाधारण समन्वय, तालमेल और एकीकरण को प्रदर्शित किया है। ऑपरेशन सिंदूर वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का एक शानदार उदाहरण है। इसे भारतीय वायुसेना के भविष्य के रूप में आपको समझना होगा कि वायुसेना हमेशा से ही सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाली रही है और रहेगी।



# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- नेता गलत बयानबाजी नहीं करें

## पचमढ़ी में भाजपा सांसद-विधायकों को नसीहत दी, एक बार गलती हो जाए तो दोबारा न हो

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया

**संवाददाता ● भोपाल**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को एमपी के सांसद-विधायकों को गलत बयानबाजी न करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा- एक बार गलती हो जाती है, लेकिन दोबारा न हो। शाह ने ये बातें पचमढ़ी में आयोजित भाजपा सांसद-विधायकों के प्रशिक्षण वर्ग में कही।

तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सरकार के सभी मंत्री-विधायक, लोकसभा-राज्यसभा सांसद शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पूरे तीन दिन कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण वर्ग में संबोधन के बाद शाह भोपाल के लिए रवाना हो गए हैं।

### सांसदों-विधायकों ने किया पौधरोपण



इससे पहले पचमढ़ी के कैंट क्षेत्र में कब्रिस्तान के बगल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक एल मुरुगन, दुर्गादास उईके, सावित्री ठाकुर, मध्य प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने भी विधायकों-सांसदों के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। पार्क का नाम अटल वाटिका रखा गया है।

### होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने पर्यावरण सप्ताह के अवसर पर राष्ट्रव्यापी गतिविधियों का आयोजन किया

# हरित भविष्य की दिशा में देशव्यापी पहल

**एजेंसी ● गाज़ियाबाद**

होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने पर्यावरण सप्ताह 2025 के तहत 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) से देशभर में अपनी डीलरशिप नेटवर्क पर कई पर्यावरण जागरूकता और सस्टेनेबिलिटी-केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित कीं। इस पहल का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ज़िम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना था।

**पहल**

यह अभियान गाज़ियाबाद स्थित हिंदन होंडा डीलरशिप पर एक विशेष कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ, जिसमें एचएमएसआई के वरिष्ठ अधिकारियों – श्री शशांक रज़दान (जनरल मैनेजर, रीजनल बिज़नेस - सेंट्रल) और श्री रविकुमार अन्नासाहेब फिरगण्णावर (जनरल मैनेजर, रीजनल बिज़नेस - सेंट्रल कस्टमर सर्विस) – ने भाग लिया।

इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ' ने एचएमएसआई की ज़मीनी गतिविधियों की दिशा तय की। सप्ताहभर चलने वाले इस अभियान के तहत, एचएमएसआई की डीलरशिप्स और सर्विस आउटलेट्स ने देशभर में ग्राहकों और स्थानीय समुदायों के साथ सक्रिय भागीदारी की।

मुख्य गतिविधियों में डीलरशिप पर आने वाले सभी ग्राहकों को पौधों का वितरण, प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों पर जागरूकता अभियान, और देश के कई शहरों और कस्बों में 1,25,000 से अधिक पौधारोपण शामिल रहे। इसके अलावा, वाहनों के अधिक स्वच्छ और कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल (PUC) चेक-अप कैंप भी आयोजित किए गए।

भारत में 25 वर्षों के संचालन के साथ, एचएमएसआई ने उत्पादन में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्ष 2001 में स्थानीय निर्माण की शुरुआत के बाद से कंपनी ने 7 करोड़ (70 मिलियन) यूनिट्स के संचयी उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है। यह मील का पत्थर Honda की वैश्विक उपलब्धियों में भी जुड़ता है, जहां 1949 से अब तक कंपनी ने 50 करोड़ (500 मिलियन) मोटरसाइकिल्स का वैश्विक उत्पादन पूरा किया है।

उत्पादन के इस विस्तार के साथ, एचएमएसआई Honda के ग्लोबल विज़न के अनुरूप "Triple Action to ZERO" पहल के माध्यम से कार्बन न्यूट्रलिटी, क्लीन एनर्जी और रिसोर्स सर्कुलेशन जैसे मुख्य क्षेत्रों पर केंद्रित रहते हुए, पूरे प्रोडक्ट लाइफसाइकल और कॉर्पोरेट गतिविधियों में पर्यावरणीय प्रभाव को शून्य करने की दिशा में काम कर रही है।



एचएमएसआई अपने प्लांट्स और संचालन इकाइयों में क्लीन टेक्नोलॉजी और संसाधन दक्षता को बढ़ावा देते हुए, स्थायी निर्माण प्रथाओं को मजबूती दे रही है। पर्यावरण सप्ताह के तहत चलाए गए इस राष्ट्रव्यापी अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों, डीलरों, कर्मचारियों और नेतृत्व की सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा — ताकि एक स्वच्छ, हरित और टिकाऊ भविष्य की नींव रखी जा सके।

इस पहल को जमीनी स्तर पर प्रभावशाली बनाने के लिए, एचएमएसआई ने पौधारोपण अभियानों और कर्मचारी जागरूकता सत्रों का आयोजन किया, जहां स्थिरता को कार्यस्थल और समुदायों में अपनाने के व्यावहारिक उपायों पर फोकस किया गया। इन प्रयासों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हर छोटा कदम, पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकता है सस्टेनेबिलिटी को संचालन का अभिन्न हिस्सा बनाते हुए, एचएमएसआई अपने पर्यावरणीय लक्ष्यों की दिशा में ठोस प्रगति कर रही है। कर्नाटक के नारसापुरा स्थित तीसरे विनिर्माण संयंत्र में कंपनी वर्तमान में अपनी 98% ऊर्जा आवश्यकताओं को नवीकरणीय स्रोतों से पूरा कर रही है। एचएमएसआई का उद्देश्य अपने सभी प्लांट्स में कुल ऊर्जा खपत का अधिकांश हिस्सा स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त करना है, जिसके लिए कंपनी चरणबद्ध रूप से अपनी क्षमता का विस्तार कर रही है।

जल संसाधनों के संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए, एचएमएसआई ने अपने सभी विनिर्माण संयंत्रों में एडवांस्ड रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम्स को अपनाया है। नारसापुरा संयंत्र अपनी अधिकांश जल आवश्यकता केवल वर्षा जल से पूरी करता है। इसके साथ ही, कंपनी के सभी चार विनिर्माण प्लांट्स 'Zero Liquid Discharge (ZLD)' सुविधाओं के रूप में कार्यरत हैं—यह सुनिश्चित करते हुए कि जल का पुनर्चक्रण और पुनःप्रयोग प्रभावी रूप से हो रहा है।

एचएमएसआई के सभी उत्पादन संयंत्रों को प्रतिष्ठित GreenCo 'वर्ल्ड क्लास' रेटिंग से सम्मानित किया गया है, जहां इकाइयों ने प्लैटिनम और प्लैटिनम प्लस स्तर हासिल किए हैं—जो पर्यावरणीय उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, कंपनी को National Energy और Water Awards सहित कई राष्ट्रीय सम्मानों से भी नवाज़ा गया है, जो सस्टेनेबिलिटी के प्रति इसके सतत और ठोस प्रयासों का प्रमाण हैं।

स्वच्छ निर्माण के क्षेत्र में रणनीतिक निवेश और व्यापक ऑन-ग्राउंड पहल के माध्यम से एचएमएसआई की यह पहल केवल एक उत्सव न होकर, स्थायित्व आधारित भविष्य के प्रति कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह प्रयास जागरूकता, क्रियान्वयन और नवाचार के माध्यम से एक सस्टेनेबल इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में कंपनी के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाता है।

---

## शॉर्ट न्यूज

### एक्टिवा से कर रहे थे ड्रग्स की तस्करी, दो गिरफ्तार

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने एक्टिवा से एमडी ड्रग्स सप्लाई करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 25 ग्राम ड्रग्स बरामद की है। क्राइम ब्रांच की टीम ने सूर्यदेव नगर रिंग रोड पर चेकिंग के दौरान नींबू उर्फ निमेष मिश्रा 26 साल निवासी हुकूमत खेड़ी और नितिन बामनिया 29 साल निवासी सिल्वर ऑक्स कॉलोनी को गिरफ्तार किया। इनके पास से 25 ग्राम ड्रग्स और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। दोनों ने पूछताछ में बताया कि वह सीमावर्ती जिलों से ड्रग्स खरीद कर इंदौर में नशे के आदि लोगों को बेचते थे। आरोपी निमेष चौथी तक पड़ा है और पुताई करता था। इसके खिलाफ विभिन्न स्थानों में हत्या का प्रयास ड्रग्स तस्करी मारपीट जैसे गंभीर प्रकरण पहले से ही दर्ज है।

### हत्या में फरार आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** खुड़ैल इलाके में डंडे से वार कर अधेड़ की हत्या में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मां के साथ गालीगलौज करने के विवाद में आरोपी ने हमला कर दिया था। उप पुलिस अधीक्षक देहात उमाकांत चौधरी ने बताया कि मृतक का नाम शोभाराम पिता रतन भाभर है। पकड़े गए आरोपी का नाम आकाश पिता गुमान सिंह निवासी गंगाडेम कंपैल है। 11 जून को फरियादी शाहिबा उर्फ विशाल पिता शोभाराम ने सूचना दी थी कि शोभाराम के साथ किसी ने मारपीट कर सिर में वार कर हत्या कर दी है। पुलिस ने इस घटना में पड़ताल करते हुए आरोपी आकाश सिंह को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त डंडा जब्त किया गया। थाना प्रभारी कर्णी सिंह शक्तावत के मुताबिक आरोपी ने पूछताछ में बताया कि शोभाराम ने मेरी मां तेजू बाई को गालियां दी थी। इसी से गुस्सा होकर उसने डंडे से हमला कर दिया था।

### गौवंश से भरी गाड़ी रोकी और वसूली का प्रयास

**इंदौर।** लसूड़िया इलाके में एक दूध व्यवसायी की गाय से भरी गाड़ी को रोककर अवैध वसूली का प्रयास करने का मामला सामने आया हैं। आरोपियों ने रुपए नहीं देने पर उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दे डाली। लसूड़िया पुलिस ने फरियादी बलराम पिता मुरारीलाल यादव निवासी कमाठीपुरा इमली बाजार की शिकायत पर आरोपी राजू, मनीष व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया हैं। फरियादी ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि गत 12 जून को इटावा रोड मीठेपुर (सिरसागंज )पशुपुरा उत्तर प्रदेश से 10 गाय और पांच बछड़े को पालने व दूध उत्पादन के लिए खरीद कर लेकर आ रहा था। तभी इंदौर मे तलावली चांदा पेट्रोल पंप के पास कासा ग्रीन कालोनी की मोड पर आरोपियों ने हमारी गाडी को रोक लिया। जब उनसे पूछा कि गाडी क्यों रोकी तो सभी लोग बोलने लगे की तुम ये गाये काटने के लिए भर कर ले जा रहे हो।

---

## पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान क्षेत्र में बनाएं करियर एमसीयू में प्रवेश के लिए ऑनलाइन करें आवेदन

**संवाददाता ● भोपाल**

जो विद्यार्थी सूचना संगठन, सूचना के व्यवस्थित उपयोग, ज्ञान-संरचना, डिजिटल प्रबंधन, तथा शोध के क्षेत्र में अपना अकादमिक एवं व्यावसायिक भविष्य गढ़ना चाहते हैं, उनके लिए माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय का पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान कर रहा है। एमसीयू के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए स्नातक बी. लिब.(B.LIS) एवं स्नातकोत्तर (M.LIS) एम.लिब. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

**आवेदन**

यह विभाग देशभर में अपने अद्यतन पाठ्यक्रम, डिजिटल पुस्तकालय प्रशिक्षण, एवं समसामयिक सूचना प्रौद्योगिकी के समावेश हेतु विशेष रूप से जाना पहचाना जाता है। वर्तमान समय पुस्तकालय विज्ञान को एक पारंपरिक सेवा से हटाकर डिजिटल युग की केंद्रीय भूमिका में स्थापित करने का है। इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुये कार्यक्रम तैयार किया गया है। पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को कुशल शिक्षकों द्वारा पुस्तकालय विज्ञान का अध्ययन, पुस्तकालय विज्ञान के नवीन सॉफटवेयर का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित ये कार्यक्रम सूचना प्रबंधन, डिजिटल संसाधनों की संरचना, अनुसंधान सहयोग एवं ज्ञान संगठन जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक दक्षता प्रदान करते हैं । पाठ्यक्रम में ई-लाइब्रेरी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल लाइब्रेरी प्रबंधन, सूचना स्रोत एवं सेवाएँ, ज्ञान संगठन, सूचना व्यवहार एवं उपयोगकर्ता अध्ययन, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, डेटा संरचना और शोधन, पुस्तकालय स्वचालन सॉफ़्टवेयर, पुस्तकालय सेवाएँ, इनइंफॉर्मेशन सर्विसेस, और ओपन एक्सेस पब्लिशिंग जैसे समसामयिक विषय शामिल किए गए हैं।

व्यावहारिक प्रशिक्षण व परियोजना कार्य, ई-पुस्तकालय एवं डेटा प्रबंधन लैब पाठ्यक्रम की विशेषताएँ , शैक्षणिक भ्रमण एवं इंटर्नशिप के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार एवं कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाता है। यदि आप पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं तो बी.लिब. हेतु किसी भी विषय में स्नातक उत्तीर्ण एम. लिब.हेतु पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक उपाधि, बी.लिब की योग्यता होना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन एवं विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mcu.ac.in विजिट कर सकते हैं।

## ब्लूमबर्ग आर्चिड पार्क के 178 बंधक प्लॉट जब्त

**संवाददाता ● इंदौर**

जिला प्रशासन ने विवादित ब्लूमबर्ग (वर्तमान नाम आर्चिड पार्क) कॉलोनी में प्लॉट खरीदी-बिक्री पर रोक लगा दी है। पीड़ित प्लाट धारकों द्वारा इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह को शिकायतें की थी। इस पर कलेक्टर ने मामला अपर कलेक्टर आईएएस गौरव बैनल को जांच का जिम्मा सौंपा। जांच के बाद इसमें शिकायतों को सही पाया गया और इसके बाद कॉलोनी में प्लॉट खरीदी-बिक्री पर रोक लगा दी गई। कॉलोनी के 178 बंधक प्लॉट को जब्त किया गया है, जिन्हें बेचकर स्मार्ट सिटी द्वारा बाकी विकास काम पूरा कराया जाएगा। ग्राम पंचायत सोनगीर, हातोद के सर्वे नंबर 290/2/2, 291/6/1/1/1, 291/6/1/2, 291/6/1/3/2, 306/1, 306/2., 307, 289/2, 298 की कुल 17.596 हेक्टेयर जमीन पर ब्लूमबर्ग (वर्तमान नाम आर्चिड पार्क) के नाम पर टाउनशिप है। शिकायतकर्ताओं द्वारा शिकायत की थी कि साल 2011-12 में प्लाट खरीदे, लेकिन अभी तक कब्जा नहीं दिया गया। एक शिकायतकर्ता ने कहा कि यहां पर 80 प्लॉटधारकों को डायरी पर प्लॉट बेचे और रजिस्ट्री नहीं की। वहीं यह भी शिकायत थी कि अभी तक यहां पर विकास काम नहीं किए गए।

**शिकायतें सही पाए जाने पर कार्रवाई**

### पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की इस पहल में 200 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया

## एक्सिस बैंक ने वहनीय प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए नागरिकों को किया एकजुट

### बैंक ने प्लास्टिक कचरे के पुनः उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए भोपाल नगर निगम और स्वयंसेवी संगठन

AXIS BANK ऑक्सिस बँक

**संवाददाता ● भोपाल**

भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने पर्यावरण जागरूकता पर लोगों को जोड़ने के निरंतर प्रयास के अंग के रूप में, भोपाल में कई जगहों पर 'ओपन फॉर द प्लैनेट' बेस्ट-आउट-ऑफ-वेस्ट (कचरे से सर्वश्रेष्ठ) कार्यशालाओं का आयोजन किया। भोपाल नगर निगम और स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ), मान के सहयोग से आयोजित इस पहल के तहत आवासीय समुदायों (रेजिडेंशियल कम्युनिटी) को प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने और पर्यावरण अनुकूल आदतों को बढ़ावा देने के प्रति जागरूक बनाया गया।

**पहल**

इस कार्यशाला में 200 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया, जो प्लास्टिक और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरे को पुनः उपयोग करने की कला सीखने के लिए उत्सुक थे। इन सत्रों ने न केवल पर्यावरण अनुकूल सोच को प्रोत्साहित किया, बल्कि रोज़मर्रा के उपयोग की सामग्रियों को कम करने, उनके पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण के व्यावहारिक तरीकों को प्रदर्शित कर संयुक्त राष्ट्र के विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं' (बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन) पर भी बल दिया।

एक्सिस बैंक के प्रेसिडेंट एंड हेड- ब्रांच बैंकिंग (नॉर्थ एंड ईस्ट) एंड टीएएससी, श्री रेनॉल्ड डिसूजा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, ''एक्सिस बैंक में, पर्यावरण चेतना वहनीयता से जुड़े हमारे प्रयासों की आधारशिला है। हमारी पहल पारिस्थितिकी के कल्याण को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के हमारे निरंतर प्रयास की मिसाल है। पृथ्वी के अनुकूल प्रथाओं के बारे में जानने के लिए भोपाल के नागरिकों को इतने उत्साह के साथ एकजुट होते देखना वास्तव में उल्लेखनीय है। उनका समर्पण और सक्रिय भागीदारी हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता दर्शाती है। हमें विश्वास है कि इस तरह की पहल अधिक लचीले और वहनीय भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी। एक्सिस बैंक इन व्यापक प्रयासों के ज़रिये पर्यावरणीय वहनीयता के प्रति अपने समर्पण को रेखांकित करता है, जो भावी पीढ़ियों के लिए हमारी पृथ्वी की रक्षा करने और उसे बेहतर रूप में बहाल करने के वैश्विक प्रयासों के अनुरूप है।

## INNOVATEX 2025 बना मध्य भारत का सबसे बड़ा स्टार्टअप मंच

### एलएनसीटी ने रचा इतिहास

**संवाददाता ● भोपाल**

भोपाल में इनोवेशन की लहर उस वक्त देखने को मिली जब एलएनसीटी ग्रुप द्वारा आयोजित INNOVATEX 2025 ने युवाओं के सपनों को नई उड़ान दी। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मध्य भारत में स्टार्टअप संस्कृति की दिशा बदलने वाला ऐतिहासिक कदम साबित हुआ। आर्यभट्ट ऑडिटोरियम, एलएनसीटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस, रायसेन रोड पर आयोजित इस इवेंट में 100 से अधिक स्टार्टअप्स ने हिस्सा लिया, जिसमें इनोवेशन, तकनीक और आत्मनिर्भरता की गूंज साफ सुनाई दी।

**अवसर**

र्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें खादी इंडिया लाउंज, MSME मंत्रालय से संजीव राणा, एजुकेटर और इन्फ्लुएंसर हर्षवर्धन शर्मा, Winsible की को-फाउंडर दामिनी त्रिपाठी और एलएनसीटी ग्रुप के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे जैसे प्रभावशाली वक्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनकी मौजूदगी ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। इस आयोजन का सबसे चर्चित पल रहा MeitY GENESIS योजना के तहत दो स्टार्टअप्स को 10 लाख की प्रोत्साहन राशि का सम्मान। पहला स्टार्टअप AcenraAI, जो एजेंटिक AI आधारित वर्कप्लेस ऑटोमेशन पर काम कर रहा है, और दूसरा KisanOne, जो किसानों के लिए एक समर्पित एग्रीटेक प्लेटफॉर्म है। इन दोनों नवाचारों को स्टार्टअप जगत में आगे बढ़ाने के लिए मंच से सम्मानपूर्वक चेक प्रदान किए गए, जो युवा इनोवेटर्स के लिए प्रेरणास्रोत बन गया।




स्टार्टअप पिचिंग सेशन की बात करें तो यह तीन चरणों स्क्रीनिंग, सेमीफाइनल और ग्रैंड फिनाले में संपन्न हुआ। फिनाले में चुनी गई टीमों ने अपने आइडिया विशेषज्ञों और निवेशकों के सामने प्रस्तुत किए, जहां कुछ टीमों को 20,000 तक के नकद पुरस्कार मिले। यह प्रतियोगिता न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच बनी, बल्कि प्रतिभागियों को नेटवर्किंग, निवेशकों से मुलाकात और सरकारी योजनाओं से जुड़ने का अवसर भी मिला। इस अवसर पर एलएनसीटी ग्रुप के चेयरमैन जय नारायण चौकसे, सचिव डॉ. अनुपम चौकसे और वाइस चेयरपर्सन डॉ. पूनम चौकसे ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि एलएनसीटी नवाचार, स्टार्टअप्स और युवाओं के भविष्य निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि "INNOVATEX जैसे कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने की दिशा में मजबूत कदम हैं।" INNOVATEX 2025 ने यह साबित कर दिया कि यदि सही मंच और मार्गदर्शन मिले, तो भारत के युवा दुनिया को बदलने की ताकत रखते हैं। भोपाल जैसे शहर से इतना बड़ा आयोजन होना यह दर्शाता है कि भारत का अगला स्टार्टअप हब अब सिर्फ महानगर नहीं, बल्कि टियर-2 शहर भी हो सकते हैं।

### जीवन ज्योति हॉस्पिटल में जागरूकता के साथ निभाया गया जीवनदान का संकल्प

# विश्व रक्तदान दिवस पर आसरे संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

**संवाददाता ● भोपाल**

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर 22 वर्षों से निरंतर सामाजिक उत्थान एवं कल्याण के लिए प्रयासरत संस्था ग्राम्या एवं आसरे द्वारा जीवन ज्योति हॉस्पिटल, भोपाल में एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवीय कर्तव्य का पालन किया और समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया।

**आयोजन**









रक्तदान शिविर की शुरुआत ग्राम्या संस्था के संस्थापक एवं सामाजिक नवाचारकर्ता डॉ. पंकज शुक्ला के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, "किसी की जिंदगी बचाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। रक्तदान न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है, बल्कि यह donor के लिए भी स्वास्थ्यवर्धक होता है। हर व्यक्ति को वर्ष में कम से कम दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए।"उन्होंने कहा की रक्तदान करना भी पुन्य का कार्य होता है इसे हर स्वस्थ नागरिक को करना चाहिए। इस अवसर पर जीवन ज्योति हॉस्पिटल की संचालिका एवं गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. प्रवीणा अग्रवाल ने भी रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "रक्तदान को लेकर समाज में अब भी कई भ्रांतियाँ और डर हैं। जबकि हकीकत यह है कि नियमित रक्तदान से शरीर पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ता। आवश्यकता है तो बस जागरूकता की और स्वयं से पहल करने की।" शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम की निगरानी में रक्त संग्रहण किया गया, जिससे हर प्रतिभागी को सुरक्षित और सहज वातावरण मिला। शिविर में युवाओं, महिलाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी सार्थक बना दिया।

ग्राम्या संस्था का यह प्रयास न केवल रक्त की आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है, बल्कि समाज में एक जागरूकता अभियान भी है जो लोगों को जीवनदान के इस महाअभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित करता है।

भारत सरकार के संयुक्त सचिव कुणाल ने भूजल संरक्षण और संवर्धन को बताया समय की मांग

# 'शहर और गांवों में पौधारोपण को जनआंदोलन बनाने की जरूरत'

संवाददाता ● इंदौर

मीटिंग

भारत सरकार के जल शक्ति अभियान के संयुक्त सचिव कुणाल की अध्यक्षता में आज इंदौर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुणाल ने कहा कि भूजल संपदा का संरक्षण और संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। इंदौर में इस दिशा में किए जा रहे प्रयास प्रभावी और सराहनीय हैं। कुणाल ने पौधारोपण को जन-आंदोलन बनाने, जैव विविधता पर विशेष फोकस रखने और युवाओं को सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विकास की भी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना की राशि का उपयोग इन सुविधाओं के विकास के लिए किया जा सकता है और इसके लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।



बैठक में नगर निगम के अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, वनमण्डलाधिकारी प्रदीप मिश्रा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधीक्षण यंत्री सुनील कुमार उदिया, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

नगर निगम के अपर आयुक्त सिसोनिया ने बताया कि इंदौर शहर में भूजल व सतही जल के संरक्षण के लिए 'कैच द रेन' अभियान चलाया जा रहा है। शहर में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग, पुराने कुएं और बावड़ियों के जीर्णोद्धार के कार्य प्रमुखता से किये जा रहे हैं। जल शक्ति अभियान-कैच द रेन के तहत इंदौर नगर निगम द्वारा विशेष पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि शहर में वर्ष 2019 से भूजल प्रबंधन के लिए व्यक्तिगत घरों की छतों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली की स्थापना के शुरूआत की गई। अभी तक इंदौर में एक लाख 40 हजार घर की छत वर्षा जल संचयन से जुड़े हुई हैं। विभिन्न विकेन्द्रीकृत एसटीपी से उपचारित जल का बागवानी, निर्माण और अन्य गैर घरेलू उद्देश्यों के लिए पुनः उपयोग किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा आरडब्ल्यूएच संरचना की निगरानी और जियोटैग करने के लिए एक समर्पित ऐप विकसित किया गया है। शहर में 1500 वर्ग फीट से अधिक छत वाले घरों में आरडब्ल्यूएच संरचना स्थापित करना अनिवार्य है, नगर निगम इस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू कर रहा है। विभिन्न सीएसआर भागीदार इस पहल में शामिल हुए हैं और फिल्टर और रिचार्ज शाफ्ट के लिए आर्थिक सहयोग उपलब्ध करा रहे हैं। जन भागीदारी और जागरूकता के लिए नगर निगम द्वारा व्यापक आईईसी अभियान चलाया जा रहा है।

## सभी ग्राम पंचायतों में हों जागरूकता कार्यक्रम

जिला पंचायत के सीईओ सिद्धार्थ जैन ने जानकारी दी कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण अब जन-आंदोलन का रुप ले चुका है और इसमें जनभागीदारी उल्लेखनीय रुप से बढ़ी है। उन्होंने बताया कि अभियान में ग्रामीणों के सहयोग से विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। वर्तमान में इन्दौर जिले में जल गंगा अभियान के अन्तर्गत 645 खेत तालाब, 800 डग वेल रिचार्ज, 12 बावड़ी जीर्णोद्धार, 1100 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के साथ 11 अमृत सरोवर पर कार्य हो रहा है। पिछले वर्ष 2024 में जिले में 101 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया इस बार लक्ष्य बढ़ाकर कार्य किया जा रहा है। इन्दौर जिले के 43 ग्राम पंचायतों में तालाबों का गहरीकरण कार्य किया जा रहा जिससे 2300 कृषकों को लाभ हुआ। मनरेगा योजनान्तर्गत सामुदायिक हितग्राही मूलक वृक्षारोपण किये गए जिसमें इन्दौर जिले में 3 लाख से अधिक पौधे रोपित किये गए और आने वाले समय में इस वर्ष 10 लाख पौधे रोपे जाने का लक्ष्य रखा गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधीक्षण यंत्री सुनील कुमार उदिया ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर जिले के लगभग सभी गांवों में हर घर तक नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा चुकी है। उन्होंने जल आपूर्ति व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए इंदौर जिले में नवाचार के तहत ऑटोमेशन पद्धति के संबंध में जानकारी दी।

## शॉट न्यूज

### शादीशुदा महिला से दुष्कर्म कर किया ब्लैकमेल

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में एक शादीशुदा महिला के साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो फोटो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि 36 वर्षीय पीड़िता की रिपोर्ट पर विकास पिता मोहनलाल चौहान निवासी गोविंद नगर खरचा के खिलाफ रेप सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मेरा पति लकवा ग्रस्त है जिसके कारण घर चलाने के लिए में नौकरी कर रही थी, जहां मेरी पहचान विकास चौहान से हुई। उसने एक कारोबार प्रतिष्ठान में मुझे काम दिया था और वही मुझे रहने के लिए एक कमरा दिया था। 1 सितंबर 2024 को विकास ने मुझे कहा कि मैं तुम्हें पसंद करता हूं और तुमसे शादी करना चाहता हूं। इसके बाद उसने मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाएं। यह सिलसिला लंबे समय तक चलता रहा।

### युवती से बाइक सवार बदमाश बैग छीनकर भागे

इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र एक्टिवा पर जा रही युवती से बाइक सवार दो बदमाश बैग छीन कर ले गए। घटना विद्या पैलेस कॉलोनी स्थित हर्ष कलेक्शन के पास कल दोपहर 12:50 बजे की है। यहां रहने वाली प्रेरणा व्यास 22 वर्ष ने पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह एक्टिव से बाजार जा रही थी। उसके कंधे पर काले रंग का बैग टंगा था जिसके अंदर एक छोटा पर्स भी था जिसमें आधार कार्ड वोटर आईडी कार्ड पैन कार्ड ग्रेजुएशन ग्रेजुएशन की मार्कशीट मोबाइल फोन और 700 रुपए रखे थे। मैं हर्ष कलेक्शन के पास पहुंची तभी बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाश पीछे से आए और बैग छीनकर भाग गए। एरोड्रम पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी प्रकार फरियादी ममता पति राजेंद्र सोनी निवासी नौलखा ने पुलिस को बताया कि वह सब्जी खरीद रही थी तभी किसी ने उसके गले से सोने की चैन चुरा ली।

### विधवा को ससुराल वालों ने किया प्रताड़ित

इंदौर। चंदन नगर इलाके में एक विधवा महिला को ससुराल पक्ष द्वारा घर से निकालने के लिए परेशान करना शुरू कर दिया।अब विधवा महिला ने पुलिस की मदद लेते हुए केस दर्ज करवाया हैं। चंदन नगर पुलिस ने व्यास नगर निवासी वैशाली चौहान की शिकायत पर उमराव बाई , संजय चौहान व कविता के खिलाफ केस दर्ज किया हैं। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मेरी शादी दीपक चौहान निवासी व्यास नगर इन्दौर से हिन्दू रीतिरिवाज से हुई थी । मेरी दो लड़किया दिव्यांशी उम्र 8 साल और वंशिका उम्र 6 साल की है। शादी के बाद सन 2021 मे मेरे पति दीपक की मृत्यु हो गयी थी । उसके बाद 2024 से मेरे देवर संजय, देवरानी कविता और सास उमराव मुझे घर से जाने के लिये मुझ पर दबाव बनाते है और बोलते है कि तेरा पति मर गया तो तू यहां से निकल जा हम लोग तुझे इस घर में नही रहने देंगे तेरा यहां कुछ नही है।

500 करोड़ का मामला अधर में लटका

# लोन : निगम को शासन से हरी झंडी मिलने का इंतजार

संवाददाता ● इंदौर

मामला

नगर निगम 500 करोड़ रुपए का लोन लेने जा रहा है। राज्य सरकार से इसकी मंजूरी लेने का प्रस्ताव बनाकर महापौर अपने साथ लेकर भोपाल रवाना हुए थे। लोन लेने के लिए 4 अप्रैल 2025 को महापौर ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से बात की थी लेकिन आज तक शासन से अनुमति जारी नहीं हो पाई है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था जिसके बाद नगरीय प्रशासन मंत्री ने भी विभाग के प्रमुख सचिव से भी चर्चा की थी किंतु कोई नतीजा नहीं निकला। शहर में विकास के लिए ये राशि जरूरी है किंतु भोपाल के गलियारों में इस प्रस्ताव का गुम हो जाना इस बात की ओर इशारा करता है कि शासन में बैठे अफसरों की मंशा नगर निगम के साथ ही इंदौर की प्रगति के संबंध में सही नहीं है।

**बिल्डिग, वर्कशॉप, फ़्लायओवर निर्माण में लगेगा पैसा** – 500 करोड़ में से 300 करोड़ रुपए में नगर निगम पुरानी की जगह नई बिल्डिग बनाएगा। इसके साथ ही 150 करोड़ रुपए खर्च कर नई वर्कशॉप का निर्माण करेगा और बचे 50 करोड़ रुपए में सिरपुर से चंदन नगर तक फ़्लाओवर के निर्माण करने की मंशा थी लेकिन स्वीकृति नहीं मिलने से कार्य प्रभावित हो रहा है।

**निगमायुक्त के प्रयास हुए असफल** – नगर निगम इंदौर द्वारा 500 करोड़ के लोन लेने की जो कवायद की जा रही है उसमें निगमायुक्त शिवम वर्मा ने अपनी ओर से भी काफी प्रयास किए लेकिन कोई भी प्रयास सफल नहीं हो पाया। अब देखना ये है कि शासन से लोन के मामले में मंजूरी कब आती है। वैसे अनेक बार नगर निगम आदेश की प्रत्याशा में ही अनेक कार्य कर लेता है किंतु इस मामले में ये किया क्यों नहीं जा रहा है ये समझ से परे है।

# मानसून अब बस दो दिन बाद मौसम बदलते ही लुढ़का पारा

संवाददाता ● इंदौर

सुबह से मौसम साफ रहा लेकिन शाम को बादल छाए और पूर्वी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर 3-4 मिनट हल्की बारिश हुई। इसके बाद फिर से तेज धूप निकल गई। दिनभर उमस से लोग काफी परेशान हुए। जानकारी के अनुसार हुमिडीटी 82 प्रतिशत रही। इंदौर में लगातार चढ़ रहे पारे को गुरुवार की आंधी बारिश ने थाम दिया। आज पारा 3.4 डिग्री गिरा और 38.2 पर आ गया। रात का पारा भी 1 डिग्री गिरा और 25.6 पर आ गया। मौसम विभाग के मुताबिक इंदौर में दो दिन के बाद मानसून आ जाएगा। मौसम विभाग के अधिकारी हीरालाल खपड़िया ने बताया कि अभी तेज गर्मी पड़ रही है, लेकिन 15 जून के बाद मौसम में बदलाव आएगा। हल्की बारिश और ठंडी हवाएं चलने की संभावना है। इंदौर में 15 जून तक उमस और गर्मी रहेगी। शुक्रवार को दिनभर सूरज तपता रहा लेकिन ठंडी हवाओं ने पारे को थामकर रखा। शहर के आसपास के कई क्षेत्रों में तेज बारिश और आंधी ने कहर ढाया है। इसके पहले गुरुवार को दिनभर तपन रही थी। इस दौरान पारा भी 41 डिग्री से ज्यादा रहा। हालाँकि शाम को 5 बजे बादल छाए और कई क्षेत्रों में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। मौसम का रुख ऐसा था कि शहर के पूर्वी क्षेत्र में कई पेड़ धराशायी हो गए और कई क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। गुरुवार को भले बारिश कम हुई लेकिन तेज हवाओं के कारण बिजली के तार टूट गए। इसके लिए बिजली कंपनी की टीम जुटी और फिर रात को बिजली सप्लाय शुरू हुई। इन दिनों तेज गर्मी से लोग हलाकान हैं। गुरुवार को बारिश के दौरान थोड़ी देर राहत रही लेकिन तेज गर्मी, उमस का असर बना हुआ है। इस बार मई में 8 इंच से ज्यादा बारिश हुई थी जबकि जून के 12 दिनों में 12 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है।आगामी दिनों में पारा लगातार कम होता जाएगा।

## भीषण गर्मी और उमस से बचाव...



हल्की बारिश के बाद भीषण गर्मी और उमस का दौर जारी है। इससे बचने के जतन जारी है।

8 करोड़ के काम के लिए चार बार टेंडर जारी किसी ठेकेदार ने नहीं दिखाई रुचि

# पेमेंट नहीं होने के चलते ठेकेदारों का न.निगम से हो रहा मोह भंग



संवाददाता ● इंदौर

टेंडर

आर्थिक बदहाली के दौर से गुजर रहे नगर निगम इंदौर पर अब ठेकेदारों का भरोसा नहीं रहा है। शायद यही कारण है कि कई कई बार टेंडर जारी करने के बाद भी कोई ठेकेदार कई ऐसे कार्य हैं जिनमें रुचि नहीं दिख रहे हैं। हालत यह है कि एक ही कार्य के लिए निगम को चार से पांच बार टेंडर जारी करना पड़ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सिरपुर तालाब के सौंदर्यीकरण का है। इसमें नगर निगम ने चार बार टेंडर जारी कर दिए हैं, लेकिन किसी ठेकेदार ने इसमें रुचि नहीं दिखाई। हालत यह है कि पांचवीं बार टेंडर जारी किए जाने की तैयारी की जा रही है। ने तालाबों के लिए भी काम नहीं हो सके हैं।

जानकारी अनुसार सिरपुर तालाब के सौंदर्यीकरण सहित अन्य तालाबों के लिए विकास कार्य किया जाना है। इसके लिए 8 करोड़ से भी अधिक के टेंडर जारी किए जा चुके हैं। हालांकि चार बार टेंडर जारी किए जाने के बाद भी कोई ठेकेदार ने टेंडर नहीं डाले हैं। निगम और पांचवी बार टेंडर जारी करने की तैयारी कर रहा है। बताया जा रहा है कि निगम द्वारा ठेकेदारों को समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। करोड़ों रुपया ठेकेदारों का एक बार फिर निगम पर बकाया है। ऐसे में ठेकेदार अब और नए कार्य करने में रुचि नहीं दिख रहे हैं। शासन की ओर से मिलने वाली चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि भी लगातार कटौती कर कर निगम को दी जा रही है। इस कारण भी निगम खजाने में धनराशि नहीं है। खजाना खाली पड़ा है। इधर 2 महीने से निगम का ही पोर्टल बंद होने के कारण भी राजस्व की भारी हानि हुई है। समय पर पेमेंट नहीं होने के कारण कई प्रोजेक्ट रुके हुए भी हैं। साथ ही कई प्रोजेक्ट शुरू ही नहीं हो पा रहे हैं जबकि उनमें टेंडर से लेकर वर्क आर्डर तक जारी हो चुका है।

## अगले सप्ताह पांचवीं बार जारी होंगे टेंडर

सूत्रों के अनुसार सिरपुर तालाब के कायाकल्प प्रोजेक्ट के लिए अगले सप्ताह पांचवीं बार टेंडर जारी किए जाने की तैयारी है। निगम अधिकारियों को उम्मीद है कि इस बार टेंडर जारी होते ही ठेकेदार सूची दिखाएंगे और वर्क आर्डर किया जा सकेगा। हालांकि पेमेंट नहीं होने को लेकर निगम अधिकारी भी चिंतित है सूत्रों का कहना है कि बार-बार टेंडर जारी होने के बाद और इस प्रकार ठेकेदारों द्वारा कोई रिप्लाई नहीं देने पर निगम की छवि खराब हो रही है।

# एमपीआईडीसी कार्यकारी संचालक प्रजापति ने किया पीथमपुर भ्रमण

संवाददाता ● इंदौर

एमपीआईडीसी क्षेत्रीय कार्यालय इन्दौर के कार्यकारी संचालक हिमांशु प्रजापति द्वारा पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में प्रस्तावित वृक्षारोपण एवं प्रचलित सिविल, इलेक्ट्रीकल, इन्फ्रास्ट्रक्चर कार्य एवं मेन्टेनेन्स कार्यों की समीक्षा के लिए पीथमपुर क्षेत्र का दौरा किया गया। इस वर्षा ऋतु में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा पीथमपुर क्षेत्र में 11 लाख पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए प्रजापति द्वारा क्षेत्र का दौरा कर ऐसे स्थानों को चिन्हित किया गया जहां पर पौधारोपण किया जा सके। इस संबंध में कलेक्टर जिला-धार की अध्यक्षता में उद्योगपतियों के साथ एक बैठक का आयोजन 16 जून शाम 5 बजे निर्यात भवन, एस.ई.झेड़ के सभागार में किया जाएगा। प्रजापति द्वारा वॉटर ट्रीटमेंट प्लान्ट का भी निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा एम.पी. आई.डी.सी. के अधिकारियों को वॉटर ट्रीटमेंट प्लान्ट पर सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने एवं समय-समय पर प्लान्ट का उचित मेन्टेनेन्स किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। विकसित हो रहे पीथमपुर सेक्टर-7 में जल प्रदाय की व्यवस्था के लिए निर्माण किए जाने वाले स्टोरेज टैंक के स्थान का भी प्रजापति द्वारा मुआयना किया गया। प्रजापति ने वर्षा ऋतु में होने वाले जलभराव एवं ड्रेनेज ब्लाकिंग की समस्या से निजात पाने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट रूप से ड्रेनेज रिपेयर किए जाने एवं साफ किए जाने के निर्देश दिए है। भ्रमण के दौरान उनके द्वारा विद्युत लाईन के शिफ्टिंग एवं निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। भ्रमण के दौरान प्रजापति द्वारा वाल्वो आयशर कंपनी के इंजन डिवीजन का अवलोकन किया गया, जहां पर कंपनी के प्रतिनिधि आदर्श श्रीवास्तव द्वारा इस वर्षा ऋतु में 15000 पौधे लगाए जाने का आश्वासन दिया।



इनलैंड फिशरीज एण्ड एक्वाकल्चर मीट के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित, विश्व में मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में भारत दूसरे स्थान पर

# मछली उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए किए जाएं समन्वित प्रयास : सिंह

संवाददाता ● इंदौर

कार्यक्रम

केन्द्रीय मछुआ पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा है कि दुनिया में मछली उत्पादन में भारत का स्थान दूसरा है। मछली उत्पादन मुनाफे का व्यवसाय है जिसमें मछली उत्पादक अपनी आमदनी को कई गुना बढ़ा सकता है। इसके लिए मत्स्य उत्पादकों को शिक्षण और प्रशिक्षण के साथ तकनीकी जानकारी भी देना होगी। साथ ही उन्हें अच्छा बीज भी उपलब्ध कराना होगा। यदि हमें विटामिन और प्रोटीन उत्पादन के क्षेत्र में आगे बढ़ना है, तो हमें मछली उत्पादन को अधिक बढ़ावा देने की जरूरत है। देश में मछली उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार की कई ऐसी योजनाएं है, जिसका लाभ उठाकर मछली उत्पादक अपने व्यवसाय को एक नई ऊंचाई दे सकता है। बीते 10 वर्षों में भारत में मछली का उत्पादन 61 लाख टन से बढ़कर 147 लाख टन हुआ है। इसी अवधि में भारत ने मत्स्य उत्पाद का निर्यात 30 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 60 हजार करोड़ रुपये का हो गया है। केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह आज इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेशन सेंटर में आयोजित इनलैंड फिशरीज एण्ड एक्वाकल्चर मीट के उदघाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अहमदाबाद में हुई विमान त्रासदी में मृत यात्रियों एवं अन्य को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में केन्द्रीय पशुपालन एवं मछली पालन विभाग के मंत्री जार्ज कुरियन, केन्द्रीय पशुपालन एवं मछली पालन विभाग के राज्यमंत्री एस.पी. सिंह बघेल, उत्तरप्रदेश के मत्स्य पालन विभाग मंत्री संजय कुमार निषाद, बिहार की मछुआ पालन और पशुपालन मंत्री रेणु देवी, हरियाणा के पशुपालन, डेरी और मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा, मध्यप्रदेश के मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार, केन्द्र सरकार के पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग के सचिव डॉ. अभिलक्ष लिखी और संयुक्त सचिव सागर मेहरा सहित छतीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड आदि राज्यों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# अपनों के साथ वक्त बिताने का मन हो, तो इसे कभी न टालें

कैप्टन सुमित सभरवाल ने वादा किया था कि अपने व्यस्त समय में कुछ समय निकालकर अपने 82 साल के पिता के साथ गुजारेंगे। इसके बाद उन्होंने घरवालों को फोन किया और कहा कि वो लंदन पहुंचकर फोन करेंगे। कैप्टन सभरवाल वहीं रहते थे, जहां मैं पिछले तीन दशकों से रह रहा हूं, ये मुंबई का पवई इलाका है। मेरा भाई, जो खुद एयर इंडिया में कैप्टन है, वो भी उसी कॉलोनी में रहता है। एयरबस ए310, बोइंग 777, बी787 उड़ाने वाले कैप्टन सभरवाल शांत स्वभाव के और काम के प्रति समर्पित व्यक्ति माने जाते थे। मेरा यकीन है, उनकी ही तरह क्रू के बाकी 11 सदस्यों और सभी यात्रियों ने भी अपने-अपने घरवालों को फोन करके वहीं चीजें कही होंगी। लेकिन इन लोगों के वादे अब कभी पूरे नही हो सकेंगे क्योंकि उन्हें लंदन ले जा रहा विमान एआई171 अहमदाबाद एयरपोर्ट से टेकऑफ करने के 32 सेकंड बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इससे मुझे जीवन के कुछ ऐसे पड़ावों की याद आ गई, जिनमें मैंने अपने परिचित लोगों को खो दिया था। 1980 के शुरूआती दौर में फार्मास्युटिकल कंपनी रॉश प्रोडक्ट्स लिमिटेड में काम करते हुए कुलकर्णी नाम के मेरे एक वरिष्ठ सहकर्मी थे।

वे पैकेजिंग विभाग में सुपरवाइजर थे। हम दोनों मुंबई के पास उपनगर डोम्बिवली में रहते थे और हफ्ते में अधिकांश बार साथ यात्रा करते थे। साथ में काम करने के बावजूद, हमारे परिवार कभी एक-दूसरे से नहीं मिले। असल में हमने दोनों परिवारों के लिए उस महीने के आखिर में एक सरप्राइज डिनर की योजना बनाई थी, पर हमें अहसास ही नहीं था कि नसीब ने कुछ और ही सोच रखा है। उसी महीने की बात है, एक दिन कुलकर्णी ने कहा कि उन्हें कुछ जरूरी काम निपटाने हैं, इसलिए वह बाद में जाएंगे और इस कारण मैं ऑफिस से समय पर निकल गया। उसी रात कोई मेरे घर पर आया और बताया कि कुलकर्णी दफ्तर के बाहर बस स्टॉप पर खड़े हुए थे, ताकि लोकल ट्रेन पकड़ने के लिए नजदीकी रेल्वे स्टेशन तक पहुंच सकें।

**उन्होंने देखा कि बस दूर से आ रही है और वह इसके लिए तैयार हो गए और ठीक वहीं खड़े होकर इंतजार करने लगे, जहां बस का फुटबोर्ड आकर खड़ा रहता है। लेकिन तभी ब्रेक फेल होने के कारण बस ने अपना नियंत्रण खो दिया और बस स्टैंड को टक्कर मार दी, जिसमें कुलकुर्णी की जान चली गई। उनकी मौत रॉश प्रोडक्ट लिमिटेड के ठीक उसी एंट्री गेट पर हुई, जिस कंपनी में उन्होंने लगभग एक दशक काम किया था। कुछ ऐसी ही कहानी केएन राघवेंद्र की है, जो कई अखबारों में वरिष्ठ संपादकीय पदों पर रहे और हमने 30 साल से ज्यादा समय तक साथ काम किया।**

उन्होंने देखा कि बस दूर से आ रही है और वह इसके लिए तैयार हो गए और ठीक वहीं खड़े होकर इंतजार करने लगे, जहां बस का फुटबोर्ड आकर खड़ा रहता है। लेकिन तभी ब्रेक फेल होने के कारण बस ने अपना नियंत्रण खो दिया और बस स्टैंड को टक्कर मार दी, जिसमें कुलकुर्णी की जान चली गई। उनकी मौत रॉश प्रोडक्ट लिमिटेड के ठीक उसी एंट्री गेट पर हुई, जिस कंपनी में उन्होंने लगभग एक दशक काम किया था। कुछ ऐसी ही कहानी केएन राघवेंद्र की है, जो कई अखबारों में वरिष्ठ संपादकीय पदों पर रहे और हमने 30 साल से ज्यादा समय तक साथ काम किया। हमने मुंबई में डीएनए समेत कई अखबारों में साथ काम किया। लेकिन उनकी मौत पूरी तरह से अप्रत्याशित थी। उनकी जिंदगी के आखिरी पलों से ठीक दो दिन पहले हम साथ में नाशिक की रोड ट्रिप पर गए। नाशिक में हम दोनों ने अपने अलग-अलग आशियाने बना रखे थे और हमेशा से चाहते थे कि रिटायर्ड लाइफ मिलकर यहीं बिताएं। हम मुंबई से चले, नाशिक में दो दिन रुके और लौटने से पहले बुढ़ापे की योजना बनाई। दो दिन बाद अचानक मुझे खबर मिली कि राघवेंद्र नहीं रहे। उन्हें दरअसल बेचैनी हो रही थी और पत्नी उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाने में मदद के लिए पड़ोसी को बुलाने गई थीं, इस बीच राघवेंद्र पत्नी को आवाज लगाने के लिए बिस्तर से उठे और दरवाजे तक पहुंचने से पहले ही अचेत होकर गिर पड़े।

तब से मैंने एक आदत बना ली है। अगर मुझे लगता है कि मुझे किसी से मिलना है, तो मैं अपना बैग पैक करता हूं, टिकट लेता हूं और मिलने के लिए निकल पड़ता हूं। अगर वे मेरे ही शहर में होते हैं, तो मैं ड्राइव करके उनसे मिलने पहुंच जाता हूं। इससे मुझे अंदर से बहुत शांति मिलती है। फंडा यह है कि ऐसे ही पलों में हमें पता चलता है कि जिंदगी का कोई भरोसा नहीं। ईश्वर ने कितने दिन का जीवन लिखा है, इस पर हमारा कोई वश नहीं, पर उन दिनों को हमने कितनी खूबसूरती से जिया, इस पर तो हमारा नियंत्रण हो ही सकता है।

## संत वचन

अक्सर इन सभी के कारण अपने मंत्रालय के दौरान बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। यही कारण है कि प्रभु ने उन फरीसियों की आलोचना की और उन्हें उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई, जिसे उन्होंने इस प्रकार उजागर किया कि यह उनके पूर्वजों और पूर्वजों द्वारा दिखाए गए व्यवहार से मिलता-जुलता था, जो प्रभु और उनकी सच्चाई पर भरोसा करने के बजाय अपनी इच्छाओं, अपनी समझ और चीजों की व्याख्या के अनुसार चलने की उनकी जिद थी। उनका अभिमान और अहंकार, महत्वाकांक्षाएं और इस दुनिया की इच्छाएं उन्हें गलत रास्ते पर ले गईं और उन्हें प्रभु से और भी दूर कर दिया, क्योंकि उन्होंने प्रभु के लिए अपने दिल और दिमाग के दरवाजे बंद कर दिए थे। यह वह रवैया है जो प्रभु नहीं चाहते कि हममें से कोई भी रखे, ताकि हम यह न सोचें कि हमारे तरीके ... और पद्धतियां बेहतर हैं या हम अपने आस-पास के लोगों की तुलना में किसी तरह बेहतर और श्रेष्ठ हैं।

# हमारे एविएशन सेक्टर की प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचेगी

मनुष्य को अपनी बुद्धि-क्षमता और टेक्नोलॉजी की ईजाद पर हमेशा गुरूर रहता है। लेकिन कभी-कभी यही टेक्नोलॉजी हमें असहनीय दर्द भी दे जाती है। अहमदाबाद में एअर इंडिया की फ्लाइट जिस तरह से क्रैश हुई है, वह घटना हमें विचलित कर देने वाली है। टेक्नोलॉजी की प्रगति से हमें जो आत्मविश्वास मिला है, वो ऐसे हादसों से हिल जाता है। विमान से सफर करने से पहले बोर्डिंग पास लेकर हम कितने बेफिक्र हो जाते हैं। बोर्डिंग की सूचना की राह देखते एयरपोर्ट पर कितनी तसल्ली से टहलते हैं। हमारी टेक्नोलॉजी पर हमें कितना भरोसा है। लेकिन पल-भर में वह भरोसा छिन्न-भिन्न हो जाता है। अहमदाबाद से लंदन जा रही उस फ्लाइट में 242 यात्री सवार थे। उन्हें कहां पता था कि उनका विमान पूरी तरह टेकऑफ करने के पहले ही पक्षाघात के शिकार किसी व्यक्ति की तरह ढह जाएगा और आग की लपटों में घिर जाएगा। विजय रूपाणी, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री भी इसी फ्लाइट में बिजनेस क्लास में थे।

बताया जाता है कि फ्लाइट में बैठे एक सहयात्री ने उनकी फोटो अपने परिवार को भेजी थी। वो तस्वीर हमें सन्न कर देती है। मृत्यु के कुछ क्षण पहले की किसी व्यक्ति की तस्वीर उनकी मृत्यु के बाद हमें कितने सारे संदेश देती है? अमेरिकन बोइंग कंपनी का 787 विमान आधुनिक है। ये विमान दो दशकों से उड़ान भर रहा है। अगर एक इंजन फेल हो जाए तो दूसरे इंजन की वर्टिकल स्टैबलाइजर की उसमें सुविधा है। अचानक मौसम खराब होने पर भी ये यात्रियों की बेहतर सुरक्षा करता है। ये विमान जब बाजार में आया तो सपनों की उड़ान माना गया था। नाम ही उसका ड्रीमलाइनर था। लेकिन अहमदाबाद में टेकऑफ के बाद वो 2 मिनट भी हवा में न रह सका। करीब 650 फीट से ऊपर नहीं जा सका।अभी इस बारे में कुछ भी कहना बहुत जल्दी होगा कि यह हादसा कैसे हुआ। हमें नहीं पता कि यह दुर्घटना पायलट की भूल के कारण हुई या ये महज एक टेक्निकल फेल्योर है। लेकिन एक बहुत गहरा सदमा इस मर्मांतक हादसे से भारतवासियों को लगा है। बोइंग 787 के साथ होने वाला ये पहला इतना घातक हादसा है। इस हवाई जहाज के पहले बोइंग 737 भी काफी विवादों में रहा था। लेकिन इस दुघटना से अमेरिकन बोइंग कंपनी की आबरू और एअर इंडिया की प्रतिष्ठा- दोनों को क्षति पहुंची है। जिस तरह से यह घटना हुई है, वो इसे कभी भी भुला नहीं पाएंगे। ये विमान 242 यात्रियों को लेकर लंदन जा रहा था। उसकी टंकी ईंधन से भरी हुई थी। इसलिए जब विमान जमींदोज हुआ तो आग की भयानक लपटों में घिर गया।

हालत यह है कि यात्रियों की मृत देह की शिनाख्त करना भी अब बेहद मुश्किल हो गया है। डीएनए टेस्ट से अगर कुछ पता चले तो चले। मृतकों की जो तस्वीरें आई हैं, वो बता रही हैं कि जब टेक्नोलॉजी हमें गच्चा देती है तो वो कितनी घातक भी हो सकती है। एअर इंडिया का ये विमान एयरपोर्ट के बाजू में ही स्थित मेघानी नगर में जाके गिरा। यहां दलितों की एक बहुत बड़ी, पुरानी बस्ती है और एक बड़ा हॉस्पिटल कॉम्प्लेक्स है। सचिन प्रजापति होम लोन का बिजनेस करते हैं। मेघानी नगर में ही उनका घर है। अपने चाचा राजू भाई के साथ वो अपने घर में बैठे थे। करीब 1:45 बजे अचानक एक धमाकेदार आवाज उन्होंने सुनी। वो दौड़कर बाहर आए। 200 मीटर की दूरी पर उन्होंने वह खौफनाक नजारा देखा तो अपनी आंखों पर यकीन नहीं कर पाए। मेडिकल कॉलेज में काम करने वाले और पढ़ने वाले इंटर्न्स की जो हॉस्टल थी, उस पर हवाई जहाज तीन टुकड़ों में गिरा पड़ा था। अफरातफरी मची थी। सचिन कहते हैं, विमान नहीं था आग का गोला था। वे अपने दूसरे पड़ोसियों के साथ हॉस्टल की बिल्डिंग और खाने की मेस की तरफ भागे। इंटर्न्स को बचाने में उन्होंने और उनके मित्रों ने सहायता की। अफसोस कि वे काफी लोगों को बचा न पाए। भारत में एविएशन इंडस्ट्री में उछाल आया है। बहुत सारे एयरपोर्ट नए बन रहे हैं। एअर इंडिया- जो सरकारी कंपनी थी- उसे टाटा ने खरीदा है और वह 400 से ज्यादा नए विमान खरीदने वाली है।मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के नजदीक भी नए एयरपोर्ट बन रहे हैं। एविएशन की दुनिया में भारत चौथे नंबर पर है।

**एडिट.नोट**

संजय कुमार - लेखक

# हम बच्चों की पढ़ाई में अंग्रेजी की उपेक्षा नहीं कर सकते हैं

नए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क (नेशनल करिकुलम फ्रैमवर्क या एनसीएफ) में क्षेत्रीय भाषाओं में बुनियादी शिक्षा देने पर जोर दिए जाने का स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन जिस वैश्वीकृत दुनिया में हम आज रह रहे हैं, उसकी जरूरतों को देखते हुए अंग्रेजी में शिक्षा प्रदान करने पर भी पर्याप्त ध्यान देना जरूरी है। भले ही हम अंग्रेजी को बाहरी भाषा बताकर उसकी आलोचना करते हों, लेकिन हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में यह बेहद जरूरी होती जा रही है। सामाजिक, आर्थिक, व्यावसायिक प्रगति में अंग्रेजी की महत्ता देखते हुए अब इसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। भारतीय युवा इस भाषा को न केवल रोजगार, बल्कि व्यावसायिक और सामाजिक तौर पर भी महत्वपूर्ण मानते हैं।

एनसीएफ इस बात पर जोर देता है कि स्कूलों में साक्षरता की पहली भाषा (आर-1) आदर्श तौर पर विद्यार्थी की मातृभाषा या एक जानी-पहचानी क्षेत्रीय/राज्यभाषा होनी चाहिए, क्योंकि इससे विद्यार्थियों का भाषाई, सांस्कृतिक और बौद्धिक विकास होगा। वो बेहतर ढंग से पढ़ाई कर पाएंगे। यदि संसाधनों की कमी, कक्षाओं की विविधता और किसी बोली की मानक लिपि का अभाव होने जैसी अन्य व्यावहारिक समस्याएं आती हों तो आर-1 के तौर पर राज्यभाषा का उपयोग किया जा सकता है। विद्यार्थी जब तक किसी दूसरी भाषा में बुनियादी साक्षरता हासिल ना कर लें, उनके लिए निदेशों का माध्यम आर-1 ही रहनी चाहिए। यानी जोर इस बात पर है कि विद्यार्थी दो भाषाओं (आर-1 और आर-2) को भली प्रकार से समझने लग जाएं। एनसीएफ के एकीकृत और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी स्कूलों को एक इम्प्लीमेंटेशन कमेटी बनानी है, जो विद्यार्थियों की मातृभाषा की मैपिंग, भाषा-संसाधनों और पाठ्यक्रम में फेरबदल के लिए जिम्मेदार होगी। गर्मी की छुट्टियां खत्म होने तक सभी स्कूलों को पाठ्यक्रम में फेरबदल का काम पूरा कर लेना है, ताकि निदेशों की भाषा के तौर पर आर-1 का उपयोग और जरूरत पड़ने पर सही तरीके से आर-2 (मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा के अलावा दूसरी वैकल्पिक भाषा) का प्रयोग किया जा सके। जुलाई 2025 में फ्रेमवर्क का पालन शुरू होने से पहले शिक्षकों का प्रशिक्षण भी पूरा हो जाना चाहिए। स्कूल चाहें तो पाठ्यक्रमों में बदलाव, संसाधनों की खरीद आदि के लिए कुछ अतिरिक्त समय ले सकते हैं, लेकिन ध्यान रखना होगा कि बेवजह देरी ना हो और मासिक रिपोर्ट समय से भेजी जा सकें। इसमें संदेह नहीं कि एनसीएफ को बहुत सावधानीपूर्वक विकसित किया गया होगा, इसके बावजूद यह नौकरी की तलाश कर रहे भारतीय युवाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं है। लोकनीति-सीएसडीएस की ओर से 2016 में 15 से 33 वर्ष के युवाओं पर किए गए एक सर्वे में 62 प्रतिशत युवाओं ने स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा को महत्वपूर्ण माना, 23 प्रतिशत ने नहीं माना और 15 प्रतिशत ने कोई राय नहीं दी। 2021 के एक अन्य सर्वे में 38 प्रतिशत युवाओं ने माना कि नौकरी तलाशने में अंग्रेजी बोलने की क्षमता का महत्व है। 35 प्रतिशत ने इसे थोड़ा जरूरी माना, जबकि 18 प्रतिशत ने माना कि यह कतई महत्वपूर्ण नहीं है। अंग्रेजी को लेकर भारतीय युवाओं की सोच में अब भी शायद ही कोई बदलाव हुआ हो। हाल के एक सर्वे में भी 46 प्रतिशत युवाओं ने माना है कि नौकरी तलाशने में अंग्रेजी का ज्ञान बहुत जरूरी है। 31 प्रतिशत कहते हैं कि यह किसी हद तक जरूरी है। सिर्फ 11 प्रतिशत मानते हैं कि यह बिल्कुल महत्वपूर्ण नहीं और 5 प्रतिशत इस मत के बिल्कुल खिलाफ हैं।भारतीय युवा अंग्रेजी को ना सिर्फ जॉब-मार्केट के लिए बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा और आत्मविश्वास के लिए भी जरूरी मानते हैं। एक सर्वे के अनुसार 23 प्रतिशत युवाओं ने माना है कि वे अंग्रेजी ना बोल पाने को लेकर बहुत चिंतित रहते हैं। 25 प्रतिशत का कहना है कि उन्हें इससे थोड़ी चिंता होती है। 32 प्रतिशत कहते हैं कि उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे अंग्रेजी नहीं बोल पाते, जबकि 17 प्रतिशत ने बताया कि इस बात की चिंता तो होती है, लेकिन ज्यादा नहीं। इन सर्वेक्षणों में भारतीय युवाओं द्वारा जताई गई राय को देखें तो यह साफ है कि बड़ी संख्या में भारतीय युवा अंग्रेजी को अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण मानते हैं। यह सही है कि किसी के लिए भी हिंदी या उसकी कोई भी अन्य क्षेत्रीय मातृभाषा महत्वपूर्ण है, लेकिन सावधानी से विचार करना होगा कि क्या अंग्रेजी की अनदेखी की कीमत पर ऐसा होना चाहिए? इससे भी ज्यादा जरूरी है कि अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में एक संतुलन बनाया जाए। इसमें संदेह नहीं है कि किसी भी युवा छात्र के लिए हिंदी या उसकी क्षेत्रीय मातृभाषा अधिक महत्वपूर्ण होती है, लेकिन हमें सावधानी से इस पर विचार करना होगा कि क्या अंग्रेजी की अनदेखी की कीमत पर ऐसा होना चाहिए?

## बिजनेस

# 1 लाख रुपये पार करने के बाद अब कहां पहुंचेगा सोना? ईरान और इजरायल के बीच तनाव से क्या पड़ेगा असर



**नई दिल्ली:** इजरायल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से सोने की कीमत में इजाफा हो गया है। शुक्रवार को सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम एक लाख रुपये को पार कर गई। टउ पर सोने के अगस्त वायदा अनुबंध की कीमतें शुक्रवार को 2,011 रुपये या 2.04% बढ़ गई थीं। सोना 1 लाख रुपये के आंकड़े को पार कर 1,00,403 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ने से सोने की कीमत में तेजी आई है। माना जा रहा है कि यह तेजी अभी कुछ दिनों तक बनी रह सकती है। वहीं कुछ जानकार अभी भी सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि सोने की कीमतों में जल्द ही गिरावट आ सकती है।क्वांट म्यूचुअल फंड ने हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा है कि सोने की कीमतों में अगले दो महीनों में डॉलर के मुकाबले 12-15% की गिरावट आ सकती है। फंड हाउस ने निवेशकों को सावधान किया है कि सोना 'शॉर्ट टर्म में पीक आउट' हो सकता है। उनका कहना है कि सोने की कीमतें हाल ही में बढ़ी हैं, लेकिन अब इसकी गति धीमी हो सकती है और कीमतों में गिरावट आ सकती है।

इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार क्वांट म्यूचुअल फंड की राय कमोडिटी बाजार के जानकारों की राय से मिलती-जुलती है। फंड हाउस निवेशकों को सलाह दे रहा है कि वे मध्यम से लंबी अवधि के लिए कीमती धातुओं में निवेश बनाए रखें।क्वांट म्यूचुअल फंड को उम्मीद है कि आगे चलकर सोने की कीमतों में गिरावट आएगी। लेकिन, लंबी अवधि में वे सोने को लेकर सकारात्मक हैं। उनका कहना है कि उनकी पोर्टफोलियो रणनीति चक्रीय जागरूकता और लिक्विडिटी ट्रेंड पर आधारित है। फंड हाउस ने कहा है कि आपको अपने निवेश का कुछ हिस्सा सोने में जरूर लगाना चाहिए।

वहीं ऑगमोंट के हेड ऑफ रिसर्च रेनीशा चिनैनी ने भारत में सोने की कीमतों पर अपनी राय दी है। उन्होंने सोने के लिए मध्यम अवधि के दृष्टिकोण पर सावधानीपूर्वक सकारात्मक रुख व्यक्त किया। उनका अनुमान है कि कीमतें 97,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर हो जाएंगी। चिनैनी के मुताबिक सोने की कीमतों में कुछ समय के लिए स्थिरता आ सकती है या थोड़ी गिरावट आ सकती है। सोना शायद 90,000 रुपये तक गिर सकता है।

चिनैनी का अनुमान है कि अगर वैश्विक जोखिम की भावना में अचानक बदलाव नहीं होता है या मौद्रिक नीति में सख्ती नहीं बरती जाती है, तो सोना मजबूत बना रहेगा। ऐसे में यह मध्यम अवधि में सोने की कीमत 1,05,000 रुपये तक पहुंच सकती है।

### राज-काज


## शेयर बाजार में इस हफ्ते तेजी का अनुमान

**मुंबई।** इस सप्ताह 100 से ज्यादा कंपनियां अपने मार्च 2025 तिमाही यानी चौथी तिमाही के नतीजे जारी करेंगी। टेक्नोलॉजीज, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रइक लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, टेक महिंद्रा और मारुति सुजुकी जैसी बड़ी कंपनियों के भी रिजल्ट्स आएंगे। बाजार की यूरोपियन यूनियन और चीन के साथ अमेरिका की ट्रेड वार्ता पर कड़ी नजर रहेगी। अमेरिका ने चीन को छोड़कर सभी ट्रेड पार्टनर्स के लिए टैरिफ रेट के इम्प्लिमेंटेशन को 90 दिनों तक रोक दिया है। पिछले हफ्ते अमेरिका ने चीन के प्रोडक्ट्स पर 245% टैरिफ की घोषणा की, जिससे दोनों देशों के बीच ट्रेड टैरिफ वॉर बढ़ गई। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों की-पार्टनर्स के साथ समझौते पर पहुंचने की बात कही है। इस बीच पिछले हफ्ते भारतीय इक्विटी में निवेशकों की भावना इस उम्मीद से बढ़ी कि अमेरिका-चीन व्यापार विवाद भारत को नुकसान नहीं।

# 500 करोड़ लगाकर 77000000000 की कमाई, मुकेश अंबानी ने बताया शेयर मार्केट से मुनाफे का तरीका!


**नई दिल्ली:** देश के अमीर कारोबारी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने शेयर बाजार के निवेशकों को एक बड़ा सबक सिखाया है। उन्होंने बताया है कि सही समय पर सस्ते शेयर खरीदकर कैसे लंबे समय में बड़ा मुनाफा कमाया जा सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एशियन पेंट्स में अपनी हिस्सेदारी बेचकर लगभग 23 गुना मुनाफा कमाया है। यह एक बहुत ही शानदार सौदा है।

जनवरी 2008 में जब दुनिया भर के बाजार आर्थिक संकट से जूझ रहे थे, तब रिलायंस ने एशियन पेंट्स में 4.9% हिस्सेदारी सिर्फ 500 करोड़ रुपये में खरीदी थी। अब, कंपनी ने अपनी हिस्सेदारी का 3.6% हिस्सा एसबीआई म्यूचुअल फंड को 7,704 करोड़ रुपये में बेच दिया है। यह भारतीय कॉरपोरेट इतिहास में सबसे सफल निवेशों में से एक है।रिलायंस ने स्टॉक एक्सचेंजों को बताया कि कंपनी ने सहायक कंपनी सिद्धांत कमर्शियल्स लिमिटेड के माध्यम से 3.5 करोड़ शेयर 2,201 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से बेचे हैं। गुरुवार को कंपनी का शेयर 2,218.05 रुपये पर बंद हुआ था। डिविडेंड मिलाकर रिलायंस को अपने निवेश पर लगभग 23 गुना रिटर्न मिलेगा।इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार इस हिस्सेदारी की बिक्री के बाद एशियन पेंट्स में रिलायंस की सहायक कंपनी सिद्धांत कमर्शियल्स की हिस्सेदारी 4.90% से घटकर 1.26% हो गई है। वहीं रइकम्यूचुअल फंड की हिस्सेदारी 1.51% से बढ़कर 5.15% हो गई है।अंबानी ने बिल्कुल सही समय पर यह फैसला लिया। पिछले 2 सालों में एशियन पेंट्स के शेयरों में 32% की गिरावट आई है। यह निफ्टी की सबसे कमजोर कंपनियों में से एक रही है। भारत का 9 अरब डॉलर का पेंट उद्योग कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है। एशियन पेंट्स पर आदित्य बिड़ला ओपस जैसी नई कंपनियों से भारी दबाव है, जो उसे नंबर एक के स्थान से हटाने की कोशिश कर रही हैं। रिलायंस ने 5 साल पहले भी अपनी हिस्सेदारी बेचने की कोशिश की थी। उस समय कंपनी भारत का सबसे बड़ा राइट्स इश्यू लाने वाली थी। कंपनी टेलीकॉम सेक्टर में बड़े निवेश के बाद अपने कर्ज को भी कम करना चाहती थी। हालांकि, यह योजना सफल नहीं हो पाई। इसके बजाय कंपनी ने डिजिटल, टेलीकॉम और रिटेल वेंचर्स के लिए दुनिया भर के निवेशकों से 25 बिलियन डॉलर जुटाए।



दिल्ली की गर्मी ने एयर कूलरों की मांग बढ़ा दी है।

# ईरान-इजरायल संघर्ष की वजह से बढ़ सकते हैं ड्राई फ्रूट्स के दाम



**नई दिल्ली:** भारत में ड्राई फ्रूट और नट्स के दाम और बढ़ सकते हैं। व्यापारियों का कहना है कि इजराइल और ईरान के बीच चल रहे तनाव से सप्लाई में दिक्कतें आ सकती हैं। ये चीजें ज्यादातर अफगानिस्तान और ईरान से आती हैं। पहले से ही इनके दाम 15 से 100% तक बढ़ चुके हैं। इसकी वजह यह है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से आने वाला रास्ता बंद हो गया है।

इस मामले में इंडस्ट्री के लोगों ने सरकार से बात की है। वे जानना चाहते हैं कि ईरान के रास्ते अफगानिस्तान से आने वाले सूखे मेवों पर कितना टैक्स लगेगा। जानकारों का कहना है कि इजराइल और ईरान का झगड़ा इस इंडस्ट्री के लिए एक और बुरी खबर है। यह दोहरी मुसीबत जैसा है। अगर लड़ाई बढ़ती है, तो यह सामान और महंगा हो सकता है। लोगों को इन्हें खरीदने के लिए अपनी जेब ढीली करनी पड़ सकती है।इजरायल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। इसके जवाब में ईरान ने भी इजरायल पर हमला किया है। माना जा रहा है कि यह संघर्ष ज्यादा लंबा चल सकता है। इजरायल ने धमकी दी है कि अगर ईरान ने जवाबी कार्रवाई बंद नहीं की तो वह तेहरान को बर्बाद कर देगा। साफ है कि यह लड़ाई लंबी चल सकती है।




# मप्र के सबसे बड़े फ्लाईओवर के नीचे का रास्ता बंद...

जबलपुर में दमोहनाका चौक के नीचे तीन हिस्सों के रास्ते को आज से 30 जून तक बंद कर दिया गया है। फ्लाईओवर एक्सटेंशन वाले इस हिस्से में नीचे सड़क और नाली का निर्माण तेज गति से हो सके, इसलिए प्रशासन ने इस चौराहे के तीन हिस्से के मार्ग को 400-400 मीटर की सीमा में बंद करने का निर्णय लिया है। ट्रैफिक के अत्यधिक दबाव की वजह से मशीनरी का मूवमेंट और ऐसे में निर्माण कार्य संभव नहीं हो सकेगा, इसलिए मार्ग को ब्लॉक किया गया है। गौरतलब है कि दमोहनाका चौक पर मदनमहल चौक की तरह रोटरी तैयार की गई है। जबलपुर में बन रहा यह फ्लाईओवर प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाईओवर है।

## शॉट न्यूज

### एयरपोर्ट के पास मैरिज गार्डनों को नोटिस

**भोपाल।** गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद भोपाल में सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। राजा भोज एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 27 मैरिज गार्डनों को नोटिस थमाए गए हैं। आरोप है कि ये गार्डन शादी समारोहों में लेजर लाइट और तेज रोशनी का इस्तेमाल कर रहे थे, जिससे विमान लैंडिंग के समय पायलटों को दिक्कत हो रही थी। बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय ने शुक्रवार को यह नोटिस जारी किए। नोटिस में बताया गया कि कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा 9 अप्रैल 2025 को भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया गया था, जिसमें मुबारकपुर चौराहा से संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) तक के क्षेत्र में लेजर बीम, हाई इंटेंसिटी लाइट और स्काई फायर वर्क्स के उपयोग पर रोक लगाई गई थी। इसके बावजूद ये गतिविधियां की जा रही थीं।

### बाघ की घात पर भारी पड़ी तेंदुए की चतुराई

**सिवनी।** जिले में स्थित पेंच टाइगर रिजर्व मोगली लैंड नाम से मशहूर है। यहां के वन्यजीव टूरिस्ट को रोमांचित कर देते है। ऐसा ही एक रोमांचित करने वाला वीडियो फिर सामने आया है। जो कि अब जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि बाघ के डर से एक तेंदुआ पेड़ पर चढ़ गया। इसके जो हुआ वह हैरान करने वाला था। दरअसल, एक बाघ को देखकर डर के मारे तेंदुआ पेड़ में चढ़ा रहा। उसे पेड़ पर चढ़ा देखकर बाघ भी वहीं खड़ा रहा। जब तेंदुए ने बाघ को हटते नहीं देखा तो उसने सीधे पेड़ से छलांग लगा दी। फिर दौड़ते हुए दूसरे बड़े पेड़ चढ़ने जाने लगा। इसका पीछा करते हुए बाघ भी दौड़ा, लेकिन तेंदुए ने किसी तरह अपनी जान बचा ली। गर्मियों के दिनों में छुट्टियों के समय भारी संख्या में पर्यटक पेंच टाइगर रिजर्व पहुंच रहे हैं।

### मूंग- उड़द को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा

# किसानों को फसल का वाजिब दाम दिलाएगी सरकार : सीएम

**संवाददाता ● भोपाल**

**निर्णय**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की बेहतरी के लिए सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन किए जाने संबंधी निर्णय लेकर प्रस्ताव केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय को भेजा है। किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द के उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन 19 जून से प्रारंभ होगा। इस संबंध में संबंधित विभाग एवं एजेंसियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कृषि आधारित उद्योग लगाने में भी मदद कर रही है। किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम दिलाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान संघों से हुई चर्चा में आश्वस्त किया कि हम सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य की बेहतरी के लिए डबल इंजन की सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि सरकार किसानों को अगली फसल के लिए भी आवश्यक सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को उन्नत बीज और उन्नत कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में निरंतर कृषि मेलों का आयोजन कर रही है।



#### न्यूनतम समर्थन मूल्य

कृषि लागत एवं मूल्य आयोग भारत सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8682 रुपये प्रति क्विंटल और उड़द का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। राज्य किसान कल्याण एवं कृषि विभाग द्वारा केन्द्र को भेजे गए प्रस्ताव में किसानों का पंजीयन, उपार्जित फसल की गुणवत्ता, परिवहन, भुगतान के साथ प्रचार-प्रसार की कार्य-योजना भी प्रेषित की गई है। प्रदेश के 36 जिलों में मई माह के तृतीय सप्ताह से जून माह के प्रथम सप्ताह तक मूंग फसल कटाई और प्रदेश के 13 जिलों में मई माह के तृतीय सप्ताह से जून माह के प्रथम सप्ताह तक उड़द फसल की कटाई की जाती है। प्रदेश में मूंग का संभावित क्षेत्राच्छादन 14.35 लाख हेक्टेयर, संभावित उत्पादन 20.23 लाख मीट्रिक टन है।

#### उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए सुविधाएं

उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के लिए व्यवस्था उपार्जन समिति होगी, जो केन्द्र पर किसानों के बैठने के लिए छायादार स्थान, साफ पीने के पानी, शौचालय एवं फर्स्ट बॉक्स सुविधा उपलब्ध करायेगी। उपार्जन किए जाने वाले खाद्यान की गुणवत्ता परीक्षण के लिये आवश्यक उपकरण की व्यवस्था भी होगी। इसके लिए विस्तृत परीक्षण भी दिया जाएगा। उपार्जन केन्द्र पर एक बैनर लगाया जाएगा, जिसमें केन्द्र का नाम, एफएक्यू गुणवत्ता का मापदण्ड और भुगतान का उल्लेख होगा। जिन उपार्जन केन्द्रों पर अत्यधिक खरीदी की संभावना होगी, उन केन्द्रों पर अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था की जायेगी। साथ ही निर्धारित केन्द्रों पर लैपटॉप, प्रिन्टर, बैटरी आदि को चालू अवस्था में रखा जाएगा।

#### उपार्जित फसल का परिवहन

उपार्जन केन्द्र से गोदाम तक मूंग-उड़द परिवहन करने के लिये परिवहनकर्ताओं की नियुक्ति एवं अनुबंध की कार्रवाई की जायेगी। उपार्जन केन्द्र पर प्रतिदिन उपार्जन मात्रा की समीक्षा भी होगी। ई-उपार्जन साफ्टवेयर के माध्यम से ग्रीष्मकालीन मूंग-उड़द के परिवहन के लिये जारी रसीद पर परिवहनकर्ता की प्राप्ति कर उसे मूंग-उड़द सौंपा जायेगा। किसी कारणों से एजेंसियों द्वारा नियुक्त परिवहनकर्ता परिवहन करने में विफल होता है तो वैकल्पिक व्यवस्था जिला स्तरीय समितियों द्वारा की जायेगी। परिवहनकर्ता द्वारा विलम्ब से परिवहन करने पर उसके विरुद्ध नियमानुसार उपार्जन एजेंसियों द्वारा पेनाल्टी लगाई जायेगी।

## प्रेमिका के गलत फोटो पति को भेजे, प्रेमी की गंदी डिमांड



**संवाददाता ● छतरपुर**

एमपी के छतरपुर में एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका के गंदे वीडियो और फोटो दिखाकर उसे इस हद तक परेशान किया कि युवती को पुलिस के पास जाना पड़ा। इसमें युवक के दोस्त ने भी उसका साथ दिया और महिला के साथ गलत काम किया। मुबीन खान नाम का प्रेमी और उसका दोस्त कई महीनों से युवती को परेशान कर रहे थे। कुछ समय बाद, युवती की शादी हो गई, लेकिन वे लोग नहीं माने। वे उसे लगातार डराते रहे। वे उस पर संबंध बनाने का दबाव डालते रहे। प्रेमी को लगा कि अब युवती उनकी बात नहीं मान रही है। इसलिए उसने उसे डराया कि वे उसके वीडियो और फोटो न सिर्फ इंटरनेट पर वायरल कर देंगे, बल्कि उसके पति और परिवार के अन्य सदस्यों के पास भी भेज देंगे। इसके बाद उन लोगों ने कहीं से उसके पति का नंबर खोज लिया। उन्होंने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया और उसमें उसके पति को ऐड कर दिया। फिर उन्होंने उस ग्रुप में तमाम फोटो और वीडियो डाल दिए।वाट्सएप ग्रुप पर अपनी शादीशुदा पत्नी के वीडियो और फोटो देखकर पति हैरान रह गया। वह अपनी पत्नी को लेकर शहर के कोतवाली थाने में पहुंच गया। पीड़िता ने पुलिस को अपनी पूरी कहानी बताई। उसने मुबीन खान और उसके एक साथी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने भी तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपियों पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### कई जिलों में हादसे, छह की मौत

## कहीं एम्बुलेंस में लगी आग तो कहीं डंपर से टकरा गई बाइक




**संवाददाता ● भोपाल**

मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों से एक के बाद एक दर्दनाक घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें आगजनी और सड़क दुर्घटनाओं ने कई परिवारों को गहरे दुख में डाल दिया। सीधी जिले के जिला अस्पताल में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अस्पताल परिसर के पीछे खड़ी दो एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि ये दोनों एंबुलेंस पहले से ही खराब थीं और लंबे समय से एक कोने में खड़ी थीं। आग इतनी भयंकर थी कि दोनों वाहन जलकर पूरी तरह राख हो गए। दमकल की टीम को आग पर काबू पाने में करीब 40 मिनट लगे।गौर करने वाली बात यह है कि बीते तीन महीने में यह तीसरी आगजनी की घटना है। मिडिया सूत्रों के अनुसार, खराब एंबुलेंस की मशीनरी निकालकर अवैध बिक्री की जाती है और बाद में आगजनी कर कागजों में सब कुछ खत्म करने का प्रयास किया जाता है। मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**मामला**

**दूसरी घटना** – वहीं मंडला ज़िले के नेशनल हाईवे-30 पर ओरई गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बाइक सवार दो युवक खड़े डंपर से टकरा गए, जिससे बाइक में आग लग गई और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान संदीप भारतीय और श्याम भारतीय के रूप में हुई है, जो मोहगांव गांव के निवासी थे।

**तीसरी घटना** – उधर चित्रकूट ज़िले के मझगवां थाना अंतर्गत झरी गांव के पास एक और गंभीर सड़क हादसा हुआ। दो नाबालिग चचेरे भाई – अंकित यादव (15) और अंशु यादव (16) – रिश्तेदार की बाइक लेकर निकले थे, जो तेज़ रफ्तार में सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा भिड़े। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**चौथी घटना** – साथ ही ग्वालियर के डबरा स्थित कमल टॉकीज चौराहे पर भीड़भाड़ वाले इलाके में एक तेज रफ्तार बिना नंबर की कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अनुराग सोनी और रविन्द्र जोगी घायल हो गए। रविन्द्र की हालत गंभीर होने पर उसे ग्वालियर रेफर किया गया है। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। डबरा पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## पचमढ़ी में बीजेपी विधायकों-सांसदों का प्रशिक्षण वर्ग

**संवाददाता ● भोपाल**

एमपी के हिल स्टेशन पचमढ़ी में आज से बीजेपी विधायकों और सांसदों के प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत हो रही है। तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। यहां बीजेपी विधायक-सांसद लगातार पहुंच रहे हैं।

पचमढ़ी के कैंट क्षेत्र में कब्रिस्तान के बगल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक एल मुरूगन, दुर्गादास उईके, सावित्री ठाकुर, मध्य प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने भी विधायकों-सांसदों के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। पार्क का नाम अटल वाटिका रखा गया है। 16 जून तक चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थी के रूप में मध्यप्रदेश



सरकार के सभी मंत्री-विधायक, लोकसभा-राज्यसभा सांसद शामिल रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पूरे तीन दिन कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। यानी, अगले तीन दिन पूरी सरकार पचमढ़ी से चलेगी। गृह मंत्री अमित शाह भोपाल एयरपोर्ट से रवाना होकर 2.45 बजे पचमढ़ी हेलीपैड पहुंचेंगे। इसके बाद शाह बीजेपी विधायकों-सांसदों के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे। गृहमंत्री शाह शाम करीब 5 बजे पचमढ़ी से रवाना होंगे।

## दूसरे दिन भी हज यात्रियों की वापसी जारी

**भोपाल।** हज यात्रा 2025 से लौट रहे मध्यप्रदेश के यात्रियों की वापसी का सिलसिला जारी है। शनिवार सुबह करीब 5:46 बजे जेद्दाह से आई दूसरी फ्लाइट भोपाल एयरपोर्ट पर उतरी, जिसमें 109 हाजी सवार थे। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल रहे। राज्य हज समिति और जिला प्रशासन की ओर से यात्रियों के स्वागत के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। इससे पहले शुक्रवार को पहली फ्लाइट भोपाल पहुंची थी, जिसमें 160 हाजियों की वापसी हुई थी। दो दिन में कुल 269 यात्री मक्का से हज यात्रा पूरी कर लौट चुके हैं। शनिवार को पहुंचे यात्रियों का एयरपोर्ट पर गुलदस्तों से स्वागत किया गया। परिजन, रिश्तेदार और समाजजन बड़ी संख्या में अपने अजीजों को लेने एयरपोर्ट पहुंचे। यात्रियों की सुविधा के लिए हज समिति ने पेयजल, व्हीलचेयर, दवा वितरण और अन्य जरूरी इंतजाम किए हैं। राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वारसी के अलावा वक्फ बोर्ड के अधिकारी और जिला प्रशासन के प्रतिनिधि मौके पर मौजूद रहे। यात्रियों को हज की मुबारकबाद देते हुए कहा गया कि इस बार राज्य से 8,300 हाजी रवाना हुए थे।

### जबलपुर में रिमझिम, भोपाल संभाग में भारी बारिश का अलर्ट, ग्वालियर-चंबल में लू चलेगी

# एमपी से 3 दिन दूर मानसून, आधी बारिश के आसार

**संवाददाता ● भोपाल**

दक्षिण-पश्चिम मानसून ने फिर से रफ्तार पकड़ी है। ऐसे में उम्मीद है कि अगले 3 दिन यानी, 15-16 जून को मानसून मध्यप्रदेश में प्रवेश कर लेना। इससे पहले प्रदेश में मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिलेंगे। कहीं तेज गर्मी पड़ेगी तो कहीं आंधी-बारिश होगी। शनिवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर में लू का अलर्ट है। वहीं, रतलाम, झाबुआ और अलीराजपुर में भारी बारिश हो सकती है।

**चेतावनी**

IMD (मौसम विभाग) के अनुसार, शनिवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, आगर-मालवा, धार, बड़वानी, खरगोन, राजगढ़, शाजापुर, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, सीहोर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, सागर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, दमोह, पन्ना, सतना, मऊगंज, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट में भी तेज आंधी, गरज-चमक और हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं जबलपुर में शनिवार दोपहर अचानक मौसम बदलाव बदल गया। शहर के रांझी, गोपालपुर, जीसीएफ क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई। करीब 15 मिनट तक हुई बारिश से लोगों को काफी हद तक राहत मिली है।



#### बिजली गिरने से 2 की मौत, कई पेड़ उखड़े, ट्रैक पर ट्रेनें थमी

इससे पहले शुक्रवार को प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी और बारिश का दौर रहा। शिवपुरी के ककरवाया गांव के पास भूसा से गट्टा बनाने वाली दो फैक्ट्री को भारी नुकसान पहुंचा। आंधी में दोनों फैक्ट्रियों के जमीन में गढ़े पिलर और शेड उखड़कर हवा में उड़ गए। जिससे शेड के नीचे रखा भूसा और भूसे से बनी ब्रिक बारिश में धुल गई। गुना में तेज आंधी चली। शिवपुरी में धूलभरी आंधी चलने के साथ बारिश हुई। कोलारस में तेज पानी गिरा। खंडवा में भीषण गर्मी के बीच तेज बारिश का दौर रहा। मुरैना में तेज आंधी से कई पेड़ उखड़ गए और झोपड़ियों को नुकसान पहुंचा। रतलाम रेल मंडल के गौतमपुरा बड़नगर रेलवे ट्रैक के बीच आंधी-तूफान के साथ हुई तेज बारिश से पेड़ ट्रैक पर आ गिरा। इससे महू से रतलाम आने वाली पैसेंजर ट्रेन गौतमपुरा में खड़ी हो गई। रतलाम के मोयाखेड़ा में बिजली गिरने से एक 15 वर्षीय बालिका और तंबोलिया में एक युवती की मौत हो गई। एक अन्य युवती घायल हो गई। गुना में एक इंच से ज्यादा पानी गिरा। आलोट में ग्राम जोयन में महिला श्यामू बाई पर पेड़ गिर गया। जिससे उसकी की मौत हो गई।

# दिशा पाटनी का एक्स बॉयफ्रेंड था 'गे'?

## मशहूर प्रोड्यूसर के साथ अश्लील हरकत करते हुए एक्ट्रेस ने पकड़ा!



दिशा पाटनी बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं, जिन्हें उनकी फिटनेस और स्टाइल के लिए खूब पसंद किया जाता है। फिल्मों के साथ-साथ वह अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी अक्सर चर्चा में रहती हैं। एक समय था जब उनका नाम टाइगर श्रॉफ के साथ खूब जोड़ा जाता था। दोनों लंबे समय तक रिलेशनशिप में थे, लेकिन बाद में उनका ब्रेकअप हो गया। लेकिन क्या आपको पता है कि टाइगर से पहले दिशा पाटनी एक और एक्टर को डेट कर चुकी हैं? और उस रिश्ते का अंत एक हैरान कर देने वाले राज के सामने आने के बाद हुआ था। दिशा पाटनी ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। उसी दौरान उनकी मुलाकात टीवी एक्टर पार्थ समथान से हुई, जो बाद में 'कसौटी जिंदगी की 2' से फेमस हुए। शुरुआत में दोनों के बीच अच्छी दोस्ती थी, जो धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। साल 2013 में दोनों ने एक-दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया। वे कई पार्टियों में साथ नजर आते थे और उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती थीं। काफी समय तक दोनों का रिश्ता ठीक चला, लेकिन फिर एक ऐसी खबर सामने आई जिसने सभी को चौंका दिया। उनका नाम मशहूर टीवी प्रोड्यूसर और बिग बॉस के एक्स कंटेस्टेंट विकास गुप्ता के साथ जुड़ा। दोनों की कई फोटोज भी सामने आईं। कहा जाता है कि दिशा ने एक दिन पार्थ और विकास को ऐसी हालत में पकड़ लिया, जिससे उन्हें सच का पता चल गया। इसके बाद भी दिशा ने पार्थ को माफ कर दिया और उन्हें दूसरा मौका दिया। लेकिन करीब चार महीने बाद फिर से वही बात सामने आई, जब दिशा ने दोबारा पार्थ को विकास के साथ देख लिया। इसके बाद दिशा ने यह रिश्ता हमेशा के लिए खत्म कर दिया। इस पूरे मामले में पार्थ और विकास की एक तस्वीर भी वायरल हुई थी जिसमें वे एक-दूसरे को किस करते नजर आए। इस रिश्ते के खत्म होने के बाद दिशा ने पूरी तरह से अपने करियर पर ध्यान देना शुरू कर दिया। उन्होंने साल 2016 में बॉलीवुड डेब्यू किया फिल्म 'एम. एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' से, जिसमें उन्होंने धोनी की पहली गर्लफ्रेंड 'प्रियंका' का किरदार निभाया था। अब दिशा न सिर्फ बॉलीवुड में बल्कि साउथ फिल्मों में भी अपनी जगह बना चुकी हैं। हाल ही में वह साउथ की बड़ी फिल्म 'कंगुवा' में नजर आईं और दर्शकों ने उनके काम को खूब सराहा।

# आमिर ने माना 'दिल' का गाना महिला विरोधी



बीते साल फिल्म 'एनिमल' के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने आमिर खान की फिल्म 'दिल' की आलोचना की थी। उन्होंने फिल्म के कुछ सीन और 'खंबे जैसी खड़ी है' गाने को महिला विरोधी बताया था। एक्टर ने बताया कि करियर की शुरुआत में उन्होंने कुछ गलत फिल्में की हैं। आमिर कहते हैं- 'मुझसे कोई गलती हो जाए तो मुझे माफी मांगने में कोई तकलीफ नहीं है। जैसे कि मुझे लगता है कि शुरु-शुरू के करियर में मैंने कुछ चीजें की थीं, वो सही नहीं थीं। जैसे कि महिलाओं को ऑब्जेक्टिवफाई करना। मेरा गाना था खंबे जैसी खड़ी है। आप लफ्जों में महिला को ऑब्जेक्ट के साथ तौल रहे हो। इस गाने में मैंने कितने ऑब्जेक्ट के साथ लड़की की तुलना की थी। तो वो अच्छी बात नहीं है। इस बारे में मैंने अपने शो सत्यमेव जाते पर भी बात की थी।' आमिर फिल्म 'जाने तू जाने ना' के उस कॉमेडी सीन का जिक्र करते हैं, जिसमें हीरो गुंडों से बचाने के लिए हीरोइन को एड्स मरीज बताता है। उस सीन को एक्सप्लेन करते हुए आमिर उसके बनने की पीछे की कहानी बताते हैं। फिर कहते हैं कि उन्हें बाद में एक लड़की का लेटर आया, जिसमें उसने लिखा था कि फिल्म के इस सीन से उसका दिल दुख। उसकी बहन को भी एड्स है और इस सीन से ऐसा मैसेज जा रहा है कि एड्स वालों से दूर रहना चाहिए। आपसे मुझे ये उम्मीद नहीं थी। बता दें कि 'एनिमल' फिल्म के लिए संदीप रेड्डी वांगा की बहुत आलोचना की गई थी। उन्हें महिला विरोधी बताया गया। उनकी आलोचना करने वालों में आमिर की एक्स वाइफ किरण राव का नाम भी शामिल था, जिसके जवाब में डायरेक्टर ने आमिर की फिल्म 'दिल' को क्रिटिसाइज किया था।

# अस्पताल से घर लौटीं दीपिका कक्कड़

## शोएब इब्राहिम ने कहा- अभी लड़ाई बाकी है



पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ लिवर कैंसर की सर्जरी के बाद घर लौट आई हैं। बीते 11 दिन से अस्पताल में भर्ती रहीं दीपिका को 12 जून को डिस्चार्ज कर दिया गया। उनके पति और अभिनेता शोएब इब्राहिम ने अपने लेटेस्ट व्लॉग में दीपिका की तबीयत को लेकर अपडेट दिया है और फैंस का शुक्रिया अदा किया है। शोएब ने बताया कि दीपिका को स्टेज 2 लिवर कैंसर है और उनकी 14 घंटे लंबी सर्जरी हुई थी। फिलहाल वह स्थिर हैं और रिकवरी कर रही हैं। शोएब ने इमोशनल होते हुए कहा, "ये 11 दिन हमारे लिए बहुत मुश्किल भरे रहे। मैं अस्पताल के सोफे पर ही सो रहा था, लेकिन परिवार और फैंस की दुआओं ने हिम्मत दी। दीपिका की वापसी हमारे बेटे रूहान और पूरे परिवार के लिए बेहद भावुक पल था।" उन्होंने ये भी बताया कि दीपिका को एक हफ्ते बाद फॉलो-अप चेकअप के लिए वापस अस्पताल जाना होगा। शोएब ने कहा, "यह तो एक पड़ाव था, अभी बहुत कुछ बाकी है।" इसके साथ ही शोएब ने यह भी बताया कि उन्होंने यह व्लॉग थोड़ा देरी से अपलोड किया क्योंकि वह अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करना चाहते थे। बता दें, फिलहाल दीपिका अपने घर पर हैं, जहां वह अपने बेटे और परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिता रही हैं। व्लॉग में उनकी झलक भी देखने को मिलती है। दीपिका को यूं देख उनके फैंस उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

# सौंदर्या शर्मा ने किया धमाका, आईएमडीबी लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट में नंबर 1 पर!



सौंदर्या शर्मा एक ऐसी अभिनेत्री हैं जिनका अपना अलग ही आकर्षण है। अपनी खूबसूरती और आकर्षक स्क्रीन प्रेजेंस से उन्होंने हमेशा दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। म्यूजिक वीडियो से लेकर रियलिटी शो तक, सौंदर्या ने हर बार अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। हाल ही में हाउसफुल 5 में धमाल मचाने के बाद, उन्होंने अब IMDb पॉपुलर इंडियन सेलेब्रिटीज की लिस्ट में नंबर 1 पर अपनी जगह पक्की कर ली है। सौंदर्या शर्मा ने सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फ्रैंचाइज़ी में से एक, हाउसफुल 5 में मुख्य भूमिका के रूप में बॉलीवुड में सबसे बड़ी शुरुआत की। फिल्म में उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें जबरदस्त प्यार मिला, अब उन्होंने IMDb की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया है। यह वास्तव में उनकी बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है। फिल्म में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन से लेकर लाल परी गाने में उनके सिज़लिंग डांस और रेड कार्पेट पर उनकी शानदार उपस्थिति तक, अभिनेत्री ने वास्तव में ओजी लाल परी कहलाने को सही ठहराया है। उनकी हॉटनेस ने दर्शकों के दिलों में छाप छोड़ी है। इसके अलावा, सौंदर्या ने हाउसफुल 5 में अपने शानदार प्रदर्शन से वाकई दिल जीत लिया है। दिल्ली से ताल्लुक रखने वाली सौंदर्या ने 2017 में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की और तब से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

# अक्षय की फिल्म ने की अब तक की सबसे कम कमाई



अक्षय कुमार की मल्टीस्टारर फिल्म हाउसफुल 5 बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत शानदार थी। लेकिन समय के साथ ये फिल्म ऑडियंस पर से अपनी पकड़ भी छोड़ती जा रही है। सस्पेंस, थ्रिलर से भरी इस फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। शुरू में फिल्म ने सधी हुई कमाई की। लेकिन अब उनकी कमाई के आंकड़ों में गिरावट देखी जा रही है। हाउसफुल 5 ने अपने दूसरे शुक्रवार को अभी तक की सबसे कम कमाई की। फिल्म अपने आठवें दिन सिर्फ इतने ही करोड़ जोड़ पाई। अब तक फिल्म की कुल कमाई 133.25 करोड़ तक पहुंच गई है। उम्मीद जताई जा रही है फिल्म को वीकेंड का फायदा मिलेगा और इस कमाई में बढ़ोतरी देखी जाएगी। बता दें, हाउसफुल 5 को तरुण मनसुखानी ने डायरेक्ट किया और कहानी लिखी है प्रोड्यूसर साजिद खान ने।

# अल्लू अर्जुन ने डायरेक्टर बेसिल जोसेफ से मिलाया हाथ! शक्तिमान नहीं, इस फिल्म में करेंगे काम



साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन पुष्पा फिल्म से सिनेमा लवर्स का दिल जीत चुके हैं। प्रशंसक उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की जानकारी को गंभीरता से देखते हैं। पुष्पा 2 की सफलता के बाद अभिनेता ने बॉलीवुड के कई पॉपुलर डायरेक्टर्स से मुलाकात की थी। अब अडेट सामने आया है कि उनके हाथ एक बड़ी फिल्म लग गई है। कुछ लोगों को लग रहा होगा कि यह शक्तिमान हो सकती है, लेकिन ऐसा नहीं है। आइए जानते हैं कि इस आगामी मूवी में वह किस डायरेक्टर के साथ काम करेंगे। अल्लू अर्जुन के बारे में बता दें कि इन दिनों वह अपनी एक अपकमिंग फिल्म के निर्माण में बिजी चल रहे हैं, जिसका संभावित नाम AA22xA6 बताया जा रहा है। इस बीच पुष्पा एक्टर बेसिल जोसेफ के साथ अपने आगामी सहयोग को लेकर चर्चा में आ गए हैं। वह इस प्रोजेक्ट के लिए निर्देशक और अभिनेता बेसिल जोसेफ के साथ चर्चा कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक उन्होंने फिल्म को आधिकारिक तौर पर साइन नहीं किया है। कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अल्लू अर्जुन और बेसिल जोसेफ शक्तिमान फिल्म के लिए बातचीत कर रहे हैं।

हालांकि, पिंकविला की रिपोर्ट में साफ किया गया है कि दोनों के बीच इस फिल्म को लेकर कोई बात नहीं चल रही है। वह चीज मूवी के लिए चर्चा कर रहे हैं, वो सुपरहीरो वेंचर नहीं है, बल्कि एक अलग कहानी होगी। गौर करने की बात यह है कि अल्लू सच में बेसिल जैसे डायरेक्टर के साथ टीम-अप कर रहे हैं, तो देखना दिलचस्प होगा कि वह खुद को उनकी बनाई गई।

# लिवर सिरोसिस से जूझ रही फेमस एक्ट्रेस

## नहीं कराना चाहती ट्रांसप्लांट दर्द से टूटी 'बिग बॉस' की विनर

टीवी एक्ट्रेस और मॉडल सना मकबूल इन दिनों गंभीर स्वास्थ्य समस्या से जूझ रही हैं। हाल ही में जब उनकी अस्पताल से एक फोटो सामने आई तो उनके फैंस और इंडस्ट्री के लोगों परेशान हो गए। हालांकि शुरू में उनके करीबी दोस्त और परिजन इस बीमारी को लेकर चुप्पी साधे हुए थे, लेकिन अब खुद सना ने अपनी बीमारी के बारे में खुलकर बात की है और बताया है कि वह लिवर सिरोसिस से जूझ रही हैं। पहले ही गंभीर ऑटोइम्यून बीमारी से पीड़ित रहीं एक्ट्रेस के सामने अब एक और नई चुनौती आकर खड़ी हो गई है, जिससे उनकी समस्या काफी बढ़ गई है। सना मकबूल ने बताया कि वह लंबे समय से ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस से पीड़ित हैं, लेकिन हाल ही में उनकी तबीयत और अधिक बिगड़ गई है। ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस एक ऐसी बीमारी है जिसमें व्यक्ति का इम्यून सिस्टम खुद की ही लिवर कोशिकाओं पर हमला करने लगता है। इस वजह से उनका लिवर बुरी तरह प्रभावित हुआ है और अब डॉक्टरों ने उन्हें लिवर सिरोसिस के बारे में बताया है। एक्ट्रेस का इलाज शुरू हो गया है और वो पूरी तरह डॉक्टर्स की निगरानी में अपना इलाज करा रही हैं। बता दें, यह बीमारी लिवर को धीरे-धीरे खराब कर देती है और स्थिति गंभीर हो जाती है।

# एक चुम्मा देगी क्या...



फिल्मी सितारों के लिए मुंबई सबसे जरूरी जगह है। जहां सभी प्रोडक्शन हाउस के ऑफिस है और ज्यादातर दिग्गज कलाकार रहते हैं। महिलाओं के लिए मुंबई सुरक्षित है या नहीं इस पर अक्सर बहस चलती है। अब द राजा साहब जैसी फिल्मों में काम करने वाली एक्ट्रेस ने इसके बारे में विस्तार से बात की। साथ ही, उन्होंने अपने साथ हुई एक घटना को भी याद किया। अभिनेत्री मालविका मोहनन किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। एक्टिंग की बदौलत वह लोगों के दिलों पर राज करती हैं। इसके अलावा, वह हर मुद्दे पर खुलकर बात रखने के लिए भी जानी जाती हैं। हॉटरफ्लाई को दिए हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने मुंबई में महिलाओं की सुरक्षा के विषय पर बात करते हुए निजी जिंदगी का एक अनुभव शेयर किया। मालिवका ने कहा, 'लोग अक्सर ऐसा कहते हैं कि मुंबई महिलाओं के लिए बिल्कुल सुरक्षित है। मैं इस धारणा को सही करना चाहती wहूं। आज मेरे पास अपनी कार और ड्राइवर है, इस वजह से अब मेरे से कोई इस बारे में पूछता है, तो मैं हां में जवाब देने के लिए इच्छुक हो सकती हूं। लेकिन जब मैं कॉलेज जाती थी, तब मेरा नजरिया इस मामले पर अलग था। उस समय मैं लोकल ट्रेनों और बसों से सफर करती थी और तब मुझे कभी भी पूरी तरह से सुरक्षित महसूस नहीं होता था। आपको ऐसी उम्मीद रोजाना करनी पड़ती थी कि आज की यात्रा किसी भी खराब अनुभव से रहित होगी।' एक्ट्रेस ने कॉलेज के दिनों की एक खौफनाक घटना को याद करते हुए बताया कि 'मैं अपनी

## दिव्य प्रेम: प्यार और रहस्य की कहानी'

# सन नियो का नया शो प्रेम और रहस्य की एक अलौकिक दुनिया




जब किस्मत की एक डोर दो जिंदगियों को जोड़ती है, तब शुरू होती है एक ऐसी कहानी जो इंसानियत से ऊपर, आसमान तक जाती है। सन नियो का नया शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' एक अनोखी प्रेम गाथा है, जिसमें छुपे हैं रहस्य, आस्था और प्राचीन शक्तियों के रंग। उज्जैन की पावन धरती पर बनी इस फैंटेसी-लव स्टोरी में, रौशनी और अंधेरे के बीच की जंग दिखाई गई है। यह कहानी बताती है कि कैसे तक़दीर और भक्ति दो दिलों को एक ऐसे सफर पर ले जाती है, जो प्रेम, शक्ति और विश्वास से भरा है। इस शो का प्रसारण शुरू हो रहा है 16 जून 2025 से, हर रात 8:30 बजे, केवल सन नियो पर।

'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' दिव्या और प्रेम के इर्द गिर्द घूमती है। 20 वर्षीय दिव्या एक ऐसी लड़की जो साधारण दिखती है, पर उसकी नियति असाधारण है। वह बाहर से सरल पर भीतर से एक दिव्य शक्ति से जुड़ी हुई, एक अज्ञात भाग्य से बंधी हुई है। उसका जीवन तब एक नया मोड़ लेता है जब वो मिलती है प्रेम से - एक निडर, सच्चे हृदय वाला लड़का, जिसे उज्जैन के प्राचीन शिव मंदिर की ओर अद्भुत आकर्षण खींचता है।दिव्या और प्रेम का मिलन केवल संयोग नहीं, बल्कि उस रहस्यमयी शक्ति का संकेत है, जो उन्हें कर्ण मोहिनी से टकराव की ओर ले जाती है - मायावन की एक रहस्यमई शक्ति  जो अच्छाई और बुराई के संतुलन को बिगाड़ने की कोशिश में है। ऐसे में जैसे-जैसे अतीत के राज़ उजागर होते हैं, दिव्या और प्रेम को एकजुट होकर उजाले की रक्षा और प्रेम की लड़ाई लड़नी होगी।

दिव्या की भूमिका निभा रही मेघा रे कहती हैं, "मैं हमेशा से फैंटेसी से भरी कहानियों की ओर आकर्षित रही हूं। 'दिव्य प्रेम' में दिव्या का किरदार निभाना मेरे लिए बेहद खास है। दिव्या एक ऐसी लड़की है जो आस्था, आंतरिक शक्ति और उम्मीद का प्रतीक है। मुझे उम्मीद है दर्शक इस जादुई प्रेम कहानी बहुत पसंद करेंगे और इससे जुड़ेंगे।"

प्रेम की भूमिका निभा रहे सूरज प्रताप सिंह ने कहा, "प्रेम का शिवजी से जुड़ाव मेरे लिए बहुत निजी अनुभव है, क्योंकि मैं खुद शिव भक्त हूँ। दिव्य आस्था, रोमांच और कल्पना को इतनी खूबसूरती से जोड़ने वाला दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' इस शो का हिस्सा बनना मेरे लिए एक अद्भुत मौका है। मैं इस हिम्मती किरदार और इसकी सच्चाई को पर्दे पर प्रदर्शित करने को लेकर बहुत उत्साहित हूँ और मैं उम्मीद करता हूँ कि दर्शक भी प्रेम की इस कहानी से उतना ही जुड़ाव महसूस करेंगे, जितना मैंने किया है।"

'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' दो दुनिया को जोड़ती है। प्रेम, रहस्य और प्राचीन चमत्कारों से भरी दुनिया की सैर करने के लिए तैयार हो जाएं। इसलिए देखना न भूलें इस 16 जून 2025 से, हर रात 8:30 बजे, केवल सन नियो पर।

# टूटा घमंड तो यूं टूट के बिखर गए कंगारू, पीला पड़ा चेहरा तो आंसुओं में डबडबाई आंखें!




एजेंसी ● लॉर्ड्स

लॉर्ड्स पर खेले गए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हार मिली। साउथ अफ्रीका ने इस मैच को पांच विकेट से अपने नाम किया। आईसीसी इवेंट के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का ट्रैक रिकॉर्ड हालिय सालों में दमदार है। इसके बाद भी साउथ अफ्रीका ने बाजी मार ली। आखिरी पारी में जीत के लिए ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को 282 रनों का लक्ष्य दिया था। टेम्बा बावुमा की टीम ने 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।स्टीव स्मिथ दूसरी बार फाइनल हारने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा हैं। इससे पहले 2010 में इंग्लैंड की टीम ने ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप के फाइनल में हराया था। तब भी स्मिथ टीम में थे। साउथ अफ्रीका की जीत के समय उंगली में चोट की वजह से वह मैदान पर भी नहीं थे।

ऑस्ट्रेलिया की टीम को फाइनल हारने की आदत नहीं है। पैट कमिंस की कप्तानी में टीम ने दो खिताबी मुकाबले खेले थे और दोनों में ही उन्हें जीत मिली थी। लेकिन इस बार टीम साउथ अफ्रीका से हार गई।ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी हार के बाद निराश देखे। पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के दौरान ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के चेहरे लटके हुए थे। मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड तो अपने करियर में पहली बार कोई फाइनल हारे हैं।ट्रेविस हेड ऑस्ट्रेलिया के लिए पिछले दो फाइनल में जीत के हीरो थे। उन्होंने भारत के खिलाफ 2023 टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और विश्व कप फाइनल में शतक लगाया था। साउथ अफ्रीका के खिलाफ मिली हार के बाद आंख पोछते दिखे। हालांकि साफ नहीं है कि वह रो रहे थे या नहीं।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतकर फूले नहीं समा रही थी साउथ अफ्रीका




एजेंसी ● लॉर्ड्स

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का फाइनल काफी ज्यादा रोमांचक रहा। 4 दिन तक चले इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया और सिर्फ दूसरी बार आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम की। डब्ल्यूटीसी फाइनल में साउथ अफ्रीका को ऑस्ट्रेलिया ने 282 रन का टारगेट दिया था, जिसको साउथ अफ्रीका ने 5 विकेट रहते चेज कर लिया। जीत के बाद टेम्बा बावुमा एंड कंपनी ने जमकर सेलिब्रेट किया। आइये आपको साउथ अफ्रीका के सेलिब्रेशन की कुछ तस्वीरें दिखाते हैं।साउथ अफ्रीका के लिए विनिंग रंस टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरेने ने बनाए थे। ऐसे में जीत के बाद उनके साथा खिलाड़ी ने उन्हें गले लगा लिया था।डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने के बाद एडन मार्करम की एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें वह अपना सिर पकड़े हुए हैं। उनके रिएक्शन से ऐसा लग रहा है कि जैसे उन्हें अपनी इस जीत पर विश्वास नहीं हो रहा है।साउथ अफ्रीका के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के बाद उनके ड्रेसिंग रूम में जमकर सेलिब्रेशन हुआ। कोचिंग स्टाफ और सपोर्ट स्टाफ के मेंबर एक दूसरे को गले लगाते हुए नजर आ रहे थे।साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा लॉर्ड्स की फेमस बालकनी में डब्ल्यूटीसी जीतने के बाद सेलिब्रेट करते हुए नजर आए।जीत के बाद मैदान पर मौजूद साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज काइल वेरेने और डेविड बेडिंघम ने जमकर सेलिब्रेट किया था। दोनों ने एक दूसरे को गले लगा लिया था।

दक्षिण अफ्रीका ने एडेन मार्करम की शतकीय पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया को हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब अपने नाम कर लिया है। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 282 रनों का लक्ष्य दिया था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 285 रन बनाकर जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका का टेस्ट में यह तीसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज है। दक्षिण अफ्रीका की टीम इसके साथ ही पहली बार डब्ल्यूटीसी की विजेता बनी है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम खिताब का बचाव नहीं कर सकी है। ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में बढ़त हासिल करने के बावजूद चैंपियन बनने से चूक गई। दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल के अंतराल के बाद कोई आईसीसी खिताब अपने नाम किया है। टीम ने आखिरी बार 1998 में नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस) का खिताब अपने नाम किया था। तेम्बा बावुमा की अगुआई वाली टीम ने इस खिताबी सूखे को समाप्त किया और लॉर्ड्स मैदान पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका की इस जीत में कप्तान बावुमा और एडेन मार्करम का योगदान काफी अहम रहा। इन दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 147 रनों की साझेदारी की और टीम की जीत की नींव रखी।

दक्षिण अफ्रीका का टेस्ट में सबसे सफल रन चेज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आया था। 2008 में पर्थ में खेले गए उस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने 414 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। वहीं इस टीम के खिलाफ वह 2002 में डरबन में 335 रनों का लक्ष्य भी प्राप्त कर चुकी है। अब दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही अपने टेस्ट करियर का तीसरा सफल रन चेज किया। यह लॉर्ड्स मैदान पर भी संयुक्त रूप से दूसरा सबसे बड़ा रन चेज है। यह पांचवीं बार है जब इस मैदान पर टेस्ट में 200+ रनों का लक्ष्य प्राप्त किया गया है।

## बढ़त लेने के बावजूद हारी ऑस्ट्रेलियाई टीम

ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी तीसरे दिन 207 रन पर सिमट गई थी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 212 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 138 रन पर सिमट गई थी। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त मिली थी। इस तरह ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 281 रन हुई थी। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत झटके के साथ हुई। रेयान रिकेल्टन सिर्फ छह रन बना पाए। उन्हें मिचेल स्टार्क ने अपना शिकार बनाया। वहीं, वियान मुल्डर सिर्फ 27 रन बना पाए। उन्हें भी स्टार्क ने पवेलियन भेजा था। 70 के स्कोर पर दो विकेट खो चुकी प्रोटियाज टीम को एक बड़ी साझेदारी की जरूरत थी। एडेन मार्करम ने टेम्बा बावुमा के साथ शतकीय साझेदारी निभाई और जीत की नींव रखी।

## रामभक्त के आंखों में आंसू... साउथ अफ्रीका चैंपियन बना तो रो पड़े केशव महाराज, ग्रीम स्मिथ ने यूं संभाला

एजेंसी ● लंदन



साउथ अफ्रीका हमेशा से क्रिकेट की सबसे बेहतरीन टीम में एक रही है। द्विपक्षीय सीरीज यह किसी को आसपास भी नहीं भटने देती लेकिन जब आईसीसी ट्रॉफी की बात आती है तो साउथ अफ्रीका के हाथ लंबे समय से निराशा लगी है। अभी तक टीम तीन ही बार फाइनल में पहुंची है। 2024 में जीत के करीब आकर भारत के खिलाफ उसे टी20 विश्व कप में हार मिली। अब 2025 आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप का खिताबी मुकाबला साउथ अफ्रीका ने अपने नाम कर लिया।दक्षिण अफ्रीका की जीत के बाद टीम के स्पिनर केशव महाराज अपने आंसू रोक नहीं पाए। टेम्बा बावुमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर पहली बार टेस्ट चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। इस ऐतिहासिक जीत के बाद महाराज भावुक हो गए और दर्शकों के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। पूर्व दिग्गज क्रिकेटर ग्रीम स्मिथ ने जब मैच के बाद महाराज से बातचीत करने की कोशिश की, तो वह अपने आंसुओं को नहीं रोक पाए।

केशव महाराज ने कहा, 'यह एक खास पल है, एक सम्मान है कि हम यह ट्रॉफी यहां मौजूद सभी लोगों और अपने देशवासियों के लिए उठा सके। बीते पांच दिनों में हमारी एकता ने हमें यह मुकाम दिलाया है। हम सभी का दिल से धन्यवाद करते हैं। अगर मुझे बल्लेबाजी का मौका मिलता तो शायद ये भावनाएं मुझे और प्रेरित करतीं। उन सभी लोगों का शुक्रिया जो हमारे साथ खड़े रहे, चाहे हालात जैसे भी रहे। हमने हर कठिनाई में मजबूती दिखाई है। हम उन महान खिलाड़ियों को सम्मान देते हैं जो हमसे पहले आए। उम्मीद है यह जीत भविष्य में और बड़ी उपलब्धियों की नींव बनेगी।'केशव महाराज भगवान श्रीराम के बड़े भक्त हैं। वह नाता यूपी के सुल्तानपुर है। उनके परदादा 1874 में साउथ अफ्रीका चले गए। महाराज का जन्म डरबन में हुआ लेकिन वह अपने रूट से उनका काफी लगाव है। वह मौका मिलने पर मंदिर जाते हैं। उनके बल्ले पर ॐ भी लिखा रहता है। वह अयोध्या के राम मंदिर भी दर्शन के लिए पहुंचे थे।

## ऑस्ट्रेलिया की छाती पर चढ़ टेम्बा बावुमा ने किया तांडव, रोहित शर्मा के अंदाज में टीम को बनाया चैंपियन



लंदनः चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताबी मुकाबला मार्च में भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ था। उस फाइनल में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बेजोड़ पारी खेली थी। रोहित की कप्तानी पारी की मदद से ही भारत ने मुकाबला अपने नाम किया था। फाइनल में मुश्किल विकेट पर रोहित ने अर्धशतक जड़ा था। अब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा का बल्ला बोला। बावुमा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की चौथी पारी में जबरदस्त जुझारूपन दिखाया। उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट लगी हुई थी, फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी और तीसरे दिन शानदार अर्धशतक जड़ा। बावुमा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे, जब मुल्डर आउट हुए थे। शुरूआत में ही उन्हें स्लिप में स्टीव स्मिथ ने सिर्फ 2 रन पर जीवनदान दे दिया।24वें ओवर में रन लेते वक्त टेम्बा बावुमा की हैमस्ट्रिंग खिंच गई, लेकिन फिर भी उन्होंने बल्लेबाजी जारी रखी। उन्होंने 82 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन कोई जश्न नहीं मनाया।उन्होंने शतक लगाने वाले मार्करम के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 147 रन की अहम साझेदारी की, जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 200 के पार पहुंच गई। तीसरे दिन के अंत तक बावुमा 65 रन पर नाबाद थे, लेकिन चौथे दिन सुबह पैट कमिंस ने उन्हें 66 रन पर आउट कर दिया। साउथ अफ्रीका ने इस मुकाबले को 5 विकेट से अपने नाम किया।

बावुमा ने अपनी 134 गेंदों की पारी में 5 चौके लगाए। इससे पहले पहली पारी में उन्होंने 36 रन बनाए थे। उनके अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 28 टेस्ट में करीब 44 की औसत से 1992 रन हो गए हैं। वह 2000 रन के आंकड़े से सिर्फ 8 रन दूर रह गए। इस दौरान उन्होंने 3 शतक और 12 अर्धशतक लगाए हैं। 500 से ज्यादा रन बनाने वाले किसी भी और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज का औसत 40 से ऊपर नहीं है। वह डीन एल्गर (1935 रन) को पीछे छोड़ते हुए हळ्उ में दक्षिण अफ्रीका के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।




ऑस्ट्रेलिया के टॉम क्रेग (बीच में), बेल्जियम के एंटवर्प में विलरिजके प्लेन में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैच के दौरान गोल करते हुए।

# 5 खिलाड़ी जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया को दिया धोखा, बैक टू बैक खिताब जीतने का सपना हुआ चकनाचूर

एजेंसी ● लंदन

ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीम जब किसी आईसीसी इवेंट के फाइनल में पहुंचती है तो वह फेवरेट होती है। दूसरी तरफ साउथ अफ्रीका को चोकर्स का टैग हासिल है। बड़े मैच का दबाव वो नहीं झेल पाते। इसके बाद भी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया है। लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर टेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली टीम को 5 विकेट से जीत मिली। हम आपको उन 5 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के बारे में बताते हैं, जिनकी वजह से टीम को हार मिली।उस्मान ख्वाजा ऑस्ट्रेलिया के सबसे अनुभवी बल्लेबाजों में शामिल हैं लेकिन उनके लिए यह फाइनल किसी बुरे सपने की तरह रहा।




पहली पारी में वह 20 गेंद खेलने के बाद जीरो के स्कोर पर आउट हुए। दूसरी पारी में 23 गेंद पर 6 रन बनाए। इससे ऑस्ट्रेलिया शुरूआत में ही दबाव में आ गई।जोश हेजलवुड से ऑस्ट्रेलिया को काफी उम्मीद थी। लेकिन उन्होंने टीम को निराश किया। पहली पारी में उन्होंने एक विकेट लिया। दूसरी पारी में भी एक विकेट मिला लेकिन वह विकेट अंत में आया, जब टीम की हार पक्की हो गई थी। हेजलवुड अपने करियर में पहली बार फाइनल मुकाबला हारे हैं।

कैमरून ग्रीन लंबे समय बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। खिताबी मुकाबले में उन्हें नंबर तीन पर खेलने का मौका मिला। दोनों पारियों को मिलाकर वह सिर्फ 5 ही गेंद टिक पाए। दोनों पारी में वह ख्वाजा के आउट होने वाले ओवर में ही आउट हो गए।

नाथन लायन को ऑस्ट्रेलिया की हार का सबसे बड़ा विलेन कहा जाए तो गलत नहीं होगा। फाइनल मुकाबले में वह विकेट ही नहीं ले पाए। पहली पारी में 8 ओवर डाले और उनका हाथ खाली रहा। चौथी पारी में पिच में अच्छी टर्न थी। गेंद भी ऊपर नीचे रही इसके बाद भी लायन 26 विकेट में कोई सफलता हासिल नहीं कर पाए।टेस्ट चैंपियनशिप 2023 और विश्व कप 2023 के फाइनल में ट्रेविस हेड ऑस्ट्रेलिया की जीत के हीरो थे। उन्होंने दोनों फाइनल में शतक लगाया था लेकिन साउथ अफ्रीका के खिलाफ फेल रहे। पहली पारी में 11 और दूसरी पारी में उनके बल्ले से सिर्फ 9 रन निकले।

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, रविवार, 15 जून, 2025
www.adityabharat.com





जेने, माली। जेने की महान मस्जिद की पुनः प्लास्टरिंग के दौरान लोग अपने सिर पर मिट्टी की बाल्टी लेकर चलते हैं। मध्य माली में विश्व धरोहर-सूचीबद्ध ऐतिहासिक शहर में, प्रतिष्ठित मस्जिद की वार्षिक प्लास्टरिंग के लिए हज़ारों मालीवासी भोर से पहले ही एकत्रित होते हैं। नष्ट होने से पहले 13वीं शताब्दी में बनी इस मस्जिद का 1907 में पूरी तरह से पुनर्निर्माण किया गया था और यह दुनिया का सबसे बड़ा मिट्टी का स्मारक है।

## शॉट न्यूज

### रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर में तोड़फोड़ केस में 5 गिरफ्तार

**ढाका** । बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर में तोड़फोड़ के सिलसिले में करीब पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एजेंसी के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा है कि टैगोर से जुड़ी किसी भी धरोहर को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार को हुई तोड़फोड़ के बाद बंद किया गया रवींद्र कचहरीबाड़ी यानी रवींद्र स्मारक संग्रहालय शुक्रवार को आगंतुकों के लिए फिर से खोल दिया गया है। सिराजगंज जिले के कचहरीबाड़ी में स्थित टैगोर परिवार का पैतृक घर और राजस्व कार्यालय है।

### बलूचिस्तान में पाकिस्तान आर्मी और बीएलए लड़ाकों में भीषण जंग

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी सेना और बलूच विद्रोहियों के बीच बड़ी झड़पें हुई हैं। अलग-अलग झड़पों में पाकिस्तानी सेना के 23 जवान मारे गए हैं। विद्रोही समूह बलूच लिबरेशन आर्मी ने बताया कि मुठभेड़ में उसके 9 लड़ाके मारे गए हैं। बीएलए के प्रवक्ता जायंद बलूच ने समूह की तरफ से जारी एक बयान में बताया कि एक मुठभेड़ गोनी पारा स्थान पर हुई है, जहां पाकिस्तानी सेना की मदद के लिए हेलीकॉप्टरों के जरिए अपने कमांडो उतारने पड़े। बीएलए प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तानी सेना के मस्तंग के इलाकों में आगे बढ़ने के साथ ही बीएलए के लड़ाकों के साथ झड़पें शुरू हो गईं।

### बोस्टन एयरपोर्ट पर जेटब्लू विमान रनवे से फिसला, हुआ हादसा

**बोस्टन**। अमेरिका के बोस्टन शहर में गुरुवार को बोस्टन लोगन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरने के बाद जेटब्लू की फ्लाइट 312 रनवे से फिसलकर घास वाले इलाके में चली गई। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। मैसाचुसेट्स पोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक, जेटब्लू की यह फ्लाइट शिकागो ओ'हेयर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बोस्टन आ रही थी। विमान के रनवे से मुड़ते वक्त यह हादसा हुआ। पैसेंजर्स को सीढ़ियों के जरिए विमान से उतारा गया। अथॉरिटी ने बताया कि विमान की जांच के लिए रनवे को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया गया है और सभी उड़ानों को रोक दिया गया। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (FAA) ने कहा कि वह इस घटना की जांच करेगा।

### खालिस्तिनियों की खैर नहीं, भारत-कनाडा ने कर

# भारत-कनाडा देंगे आतंकियों की जानकारी

**टोरंटो ● एजेंसी**

भारत और कनाडा ने आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय अपराध और उग्रवादी गतिविधियों से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण खुफिया जानकारी साझा करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता दोनों देशों के बीच लगभग दो साल पहले 2023 में शुरू हुए तनाव को कम करने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस प्रस्तावित समझौते के तहत दोनों देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियां आतंकवाद, उग्रवाद, संगठित अपराध और ट्रांसनेशनल क्राइम सिंडिकेट्स के संबंध में खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान करेंगी। कनाडा के लिए यह पहल उन मामलों में भी महत्वपूर्ण है जहां कथित तौर पर एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल किलिंग यानी न्यायेतर हत्या की जांच की जा रही है। यहां सबसे खास बात ये है कि कनाडा ने खालिस्तानियों के विरोध के बावजूद भारत के साथ इस तरह की बड़ी डील की है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी सूत्रों ने बताया कि इस समझौते की डिटेल को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है, और यह स्पष्ट नहीं है कि इसे सार्वजनिक रूप से कब घोषित किया जाएगा। हालांकि, संभावना जताई जा रही है कि इसे जी-7 सम्मेलन के दौरान घोषित किया जा सकता है, जहां भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच मुलाकात होने की संभावना है।

**तनाव**





### बेहतर और उच्च स्तरीय सहयोग की दिशा में कदम

सूत्रों ने बताया कि नया तंत्र पहले से मौजूद व्यवस्थाओं की तुलना में अधिक व्यापक और उच्चस्तरीय होगा। प्रारंभिक चरण में इसमें पुलिस बलों के बीच बातचीत होगी, लेकिन बाद में इसमें अन्य एजेंसियों को भी शामिल किया जा सकता है। हाल के दिनों में दोनों देशों ने आपसी संबंध सुधारने के लिए छोटे-छोटे प्रयास किए हैं, जैसे प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कार्नी को चुनाव जीतने पर बधाई देना और दोनों नेताओं के बीच टेलीफोन पर संवाद। मोदी को जी-7 सम्मेलन में आमंत्रित करना भी इस बात का संकेत है कि प्रधानमंत्री कार्नी ट्रूडो के कार्यकाल में बिगड़े रिश्तों को सुधारने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं।कार्नी ने कहा है कि उनकी प्राथमिकताओं में "विदेशी हस्तक्षेप और ट्रांसनेशनल क्राइम से मुकाबला" शामिल है। हालांकि, इस पहल को लेकर कनाडा के अंदर विरोध के स्वर भी उठे हैं। वर्ल्ड सिख ऑर्गेनाइजेशन ऑफ कनाडा और प्रधानमंत्री कार्नी की खुद की लिबरल पार्टी के कुछ सांसदों ने मोदी के जी-7 सम्मेलन में आमंत्रण का विरोध किया है।

### अब फरवरी में करा सकते हैं बांग्लादेशी चुनाव

## खालिदा के बेटे से मिलते ही बदले युनूस के सुर

**ढाका ● एजेंसी**

बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने संकेत दिए हैं कि देश में अगले राष्ट्रीय चुनाव फरवरी 2026 की शुरुआत में आयोजित किए जा सकते हैं। यह बयान लंदन में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद आया है, जिसे कई लोग बांग्लादेश की राजनीति के लिए गेम-चेंजर मान रहे हैं। यूनुस




अगस्त 2024 में शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद अंतरिम सरकार के प्रमुख बने थे। उन्होंने तारिक रहमान के साथ लंदन में चार दिवसीय आधिकारिक दौरे के दौरान मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं ने देश की राजनीतिक स्थिति, सुधारों और चुनाव की समयसीमा पर चर्चा की। एक संयुक्त बयान में कहा गया, मुख्य सलाहकार ने घोषणा की कि सभी तैयारियां पूरी होने पर चुनाव अगले साल फरवरी के पहले हफ्ते में आयोजित किए जा सकते हैं। बीएनपी की अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान ने सुझाव दिया कि चुनाव रमजान से पहले, यानी फरवरी 2026 के मध्य तक, आयोजित किए जाएं। खालिदा जिया ने भी इस समयसीमा का समर्थन किया, उनका मानना है कि यह समय मौसम और धार्मिक अवधि के लिहाज से उपयुक्त होगा।

## बिश्नोई गैंग ने ली मंदिर पर फायरिंग की जिम्मेदारी

**टोरंटो ● एजेंसी**

कनाडा में लक्ष्मी नारायण मंदिर के अध्यक्ष और कारोबारी सतीश कुमार की प्रॉपर्टी पर हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने ली है। खास बात ये है कि इस बार जिम्मेदारी लेते हुए गोल्डी बराड़ और गोदारा का नाम नहीं आया, जबकि नए गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों और अर्जू बिश्नोई उनके गिरोह से जुड़े हुए नजर आ रहे हैं। गैंग ने दावा किया कि यह हमला गोल्डी ढिल्लों द्वारा करवाए जाने का दावा किया गया था। घटना से पहले सतीश कुमार से लगभग 20 लाख डॉलर की फिरौती मांगी गई थी, लेकिन उनके इनकार पर 48 घंटे के भीतर उनके दो स्थानों पर गोलियों चलाई गईं। सरी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। संपत्ति के




मालिक व लक्ष्मी नारायण मंदिर के अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा- ये वारदात बीती 7 जून को सुबह करीब ढ़ाई बजे हुई। इससे पहले दो साल पहले दिसंबर माह में भी सतीश कुमार के बेटे के घर पर फायरिंग हुई थी। इस दौरान आरोपियों ने करीब 14 गोलियां चलाई थी। बता दें कि लक्ष्मी नारायण मंदिर कनाडा में हिंदुओं के लिए काफी मान्यता वाला मंदिर माना गया है। ऐसा चौथी बार हुआ है कि लक्ष्मी नारायण मंदिर के किसी पदाधिकारी को बदमाशों द्वारा टारगेट किया गया हो। अब सरी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आज डोनाल्ड ट्रम्प का जन्मदिन और अमेरिकी सेना की 250वीं सालगिरह

# अमेरिका में बढ़ता जा रहा है बवाल, आज 1800 जगहों पर प्रदर्शन

**लॉस एंजेलिस ● एजेंसी**

ट्रंप प्रशासन द्वारा अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्त इम्मिग्रेशन पॉलिसी और तेज़ी से छापेमारी शुरू करने के बाद लॉस एंजेलिस में जो विरोध प्रदर्शन हुआ, वो अब पूरे अमेरिका में फैल गया है. न्यूयॉर्क, शिकागो, अटलांटा, ओमाहा और सिएटल जैसे प्रमुख शहरों में भी लोग सड़कों पर उतर आए हैं. जिस तरह के हालात पूरे देश में बने हुए हैं, उसे देखते हुए टेक्सस नेशनल गार्ड के जवानों को सैन एंटोनियो में तैनात कर दिया गया है. उधर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बिल्कुल भी झुकने के मूड में नहीं हैं. उन्होंने चेतावनी दी है कि उनका ध्यान सिर्फ लॉस एंजेलिस तक सीमित नहीं है बल्कि डेमोक्रेटिक-शासित अन्य शहरों और राज्यों में भी अवैध प्रवासियों के खिलाफ छापेमारी और कार्रवाई को और व्यापक किया जाएगा. अब इन राज्यों में न केवल प्रवासियों में डर का माहौल है, बल्कि नागरिक अधिकार संगठनों और आम लोगों के बीच भी आंदोलन और प्रदर्शन की आशंका बढ़ गई है. ट्रंप प्रशासन की यह नीति पहले से ही कई सामाजिक और राजनीतिक विवादों का केंद्र रही है।

**प्रदर्शन**




### दूसरी रात भी कर्फ्यू रहेगा जारी

पुलिस ने लॉस एंजिलिस शहर में लागू किए गए कर्फ्यू की पहली रात को 20 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस विभाग ने कहा है कि ये कर्फ्यू दूसरी रात भी जारी रहने वाला है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आव्रजन नीति के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए भीड़ नियंत्रित करने वाले हथियारों का इस्तेमाल किया। हालांकि पुलिस विभाग के चीफ ने बताया कि प्रदर्शनकारी पूरी तैयारी के साथ आते हैं। उनके पास रेडियो कम्यूनिकेशन है और वे एक-दूसरे से उसके ज़रिये संपर्क करते हैं। अधिकारियों ने बताया कि पांच दिनों के विरोध-प्रदर्शन के बाद प्रदर्शनकारियों द्वारा तोड़फोड़ और चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए कर्फ्यू लगाना आवश्यक था। लॉस एंजिलिस की मेयर कैरेन बास ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने स्थानीय आपातकाल की घोषणा कर दी है। कर्फ्यू शहर के मुख्य क्षेत्र के 2159 वर्ग किलोमीटर के इलाके में लागू रहेगा, जिसमें वह क्षेत्र भी शामिल है, जहां शुक्रवार से विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। अमेरिका में हो रहे प्रदर्शनों एक बैनर भी दिखाई दे रहा है - ये एक नया नारा है, जो डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के खिलाफ है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)